दैनिक
# भीम प्रज्ञा

PRGI No. RJHIN/25/A3844 डाक पंजीयन G/JJN/053/2024-26 Valid up to 31 dec. 2026

2009 से स्थापित

सम्यक, न्याय, स्वतंत्रता, समानता, बंधुता, एवं सामाजिक चेतना के लिए रचनात्मक पत्रकारिता

www.bheempragya.in | वर्ष-1 | अंक-135 | झुंझुनू (राजस्थान) | गुरूवार, 9 अप्रैल, 2026 | Email.bheempragya@gmail.com | पृष्ठ-8 | मूल्य: 5.00

**भीम प्रज्ञा अलर्ट**

'संकट की घड़ी में घबराहट नहीं, बल्कि शांत विवेक और अटूट विश्वास ही वह शक्ति है, जो असंभव को भी संभव बना देती है।'

गांव के गुवाड़ से निकलकर प्रकाशित होने वाले दैनिक अखबार भीम प्रज्ञा की मजबूती के लिए पाठक बनिए और बनाइए अपनी प्रतिक्रिया दीजिए

हेल्पलाइन - 9983040937

Bheem Pragya publication
A/C No: 61347330768
IFSC Code- SBIN0031880
Phone pe , G-pay
9983040937



# कैसे बनाएं अपने आपको क्रिएटिव...





हम सभी एक जुदा अंदाज में जीना चाहते हैं, लाइफ को क्रिएटिव बनाना चाहते हैं। मगर कैसे?

लाइफ को क्रिएटिव बनाने की इस इच्छा को पूरी करना चाहते हैं तो इसके लिए प्रयास भी आप ही को करना होगा। यह प्रयास कुछ अलग किस्म के होंगे, जैसे अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकल कर कुछ नया करने की कोशिश करें।

आपकी तरह सोचने वाले लोगों से मिले-जुलें और अपने आइडियाज शेयर करें। इन चीजों से धीरे-धीरे लाइफ में बदलाव आने लगेंगे।

### सीखें कुछ नया

लाइफ को क्रिएटिव बनाना चाहते हैं तो सबसे पहले यह बात समझ लें कि सीखने की कोई सीमा तय नहीं होती है। नई-नई चीजें सीखें। कुछ नया सोचें या फिर पुरानी चीजों को नए तरीकों से करने के बारे में सोचें। कुछ नया सोचने के लिए इमेजिनेशन होना जरूरी है। हर वक्त नया सोचने के प्रयास से इमेजिनेशन पावर बढ़ती है, जो क्रिएटिविटी के लिए बहुत जरूरी है।

नई चीजें सीखते हुए अकसर असफलता का डर होता है। इस डर को मन से निकाल दें। याद रखें, क्रिएटिव लोगों में यही खास बात होती है कि वो कभी भी असफलताओं से डरते नहीं हैं। कुछ नया सीखने का जज्बा इस डर से बड़ा होता है।

अब आपको कोई चीज क्यों रोके? तो फिर अब हर हफ्ते कम से कम एक नई चीज सीखने की कोशिश करें। छोटी-छोटी चीजों से शुरू करें जैसे कि कोई नई डिश बनाएं या फिर अपने कमरे को किसी नए तरीके से सजाएं।

### क्रिएटिव लोगों से जुड़ें

क्रिएटिव लोगों से मिलते-जुलते रहें, मिलने का समय न हो तो किसी भी अन्य तरीके से जुड़ें। इससे आपको प्रेरणा मिलेगी। इस तरह लोगों से जुड़ने पर आप अपने आइडियाज बेझिझक शेयर कर सकते हैं और नई बातें भी जान सकेंगे।

क्रिएटिव लोगों से जुड़ने का सबसे अच्छा तरीका है कि अपने शौक के अनुरूप कोई क्लब या ग्रुप जॉइन कर लें। इसके अलावा सोशल नेटवर्किंग वेबसाइट्स पर आप अपना खुद का ग्रुप बनाकर लोगों को इनवाइट कर सकते हैं, डिसकशन्स कर सकते हैं।

इस तरह के ग्रुप्स एक बढ़िया सपोर्ट सिस्टम की तरह काम करते हैं। साथ ही आपकी लाइफ को क्रिएटिव बनाने में सहायक भी होते हैं।



# तपती गर्मी में पाएं खिली-खिली ताजगी



गर्मी में अगर आप अगर बहुत थकान महसूस कर रहे हैं तो पानी के छींटों से आप फ्रेश महसूस करेंगे। सादा पानी भी आपकी त्वचा को तरोताजा रखता है। वह एक प्राकृतिक मॉइस्चराइज़र की तरह काम करता है। खीरे के जूस को आप चेहरे पर लगाएं तो इससे चेहरे पर ठंडक महसूस होगी तथा सनबर्न (धूप की जलन) की समस्या से बचे रहेंगे।

* ऑफिस से जब आप लौट कर आते हैं तब आप अपने पैर, हाथ, हल्के गुनगुने पानी में डाल कर रखें जिससे आपकी सारी थकान कम हो जाएगी। अगर आप चाहें तो इस पानी में थोड़ा सा नमक भी डाल सकते हैं। इससे पैर कोमल हो जाते हैं। आप सोफ्टनर से पैरो के तलवे को साफ कर सकते हैं। 10 से 15 मिनट तक अपने पैर को पानी में डालकर रखें इससे शरीर का रक्तसंचार भी बढ़ेगा।
* एक बोतल में आप थोड़ा सा कोलोन या परफ्यूम की थोड़ी सी बूंदों को लेकर अधिक मात्रा पानी के साथ उसे मिला दें, स्प्रे बोतल की तरह इसे इस्तेमाल कर आप रिफ्रेश हो सकते हैं।
* त्वचा के मुंहासों के लिए चन्दन तथा गुलाब के जल से पेस्ट बनाकर अपने चेहरे पर लगाएं। इस समस्या से आपको राहत मिल सकती हैं। रात भर इसे रखें तथा दूसरे दिन इसे धो लें।
* चेहरा केवल ऊपर से साफ नहीं होता हैं बल्कि इसे भीतर से भी साफ करना चाहिए। इसके लिए आप नींबू का रस तथा चीनी को मिलाकर अपने चेहरे पर धीरे-धीरे रगड़ें। इससे आपकी त्वचा भीतर से साफ हो जाएगी तथा चेहरे के झुलसे हुए दाग में भी आराम पड़ेगा।
* केले को लेकर आप इसे दूध के साथ मिलाकर अपने चेहरे पर लगाएं तो आपका चेहरा कोमल होगा और इस पर निखार आ जाएगा।
* हल्दी के साथ दूध को मिलाकर लगाएं तो आपकी झुलसी हुई त्वचा की समस्या हल होगी तथा फेशियल बाल कम हो सकते हैं।





# अपने बच्चे को पढ़ने के लिए प्रोत्साहन दीजिए

भले ही आज स्मार्ट फोन और टैबलेट की जनरेशन (पीढ़ी) अपने ज्ञान की क्षमताओं में एक कदम आगे है फिर भी यह जरूरी है कि आप अपने बच्चे को शुरुआती सालों से ही पढ़ने के लिए प्रोत्साहित और तैयार करें। माता-पिता की बहुत-सी जिम्मेदारियां होती हैं जिसमें से एक है कि वे अपने बच्चे की पढ़ने के प्रति रुचि बढ़ाएं। कैसे आप पढ़ने में उनकी रुचि बढ़ा सकते हैं :-

उनकी पसंदीदा किताब लें – अगर आपके बच्चे का कोई पसंदीदा कार्टून कैरेक्टर है तो उसे टीवी देखने देने की बजाय किताब गिफ्ट करें। किताबों की दुकानें बहुत से कार्टून किताबों से भरी हैं। ये समान रूप से आकर्षक हों, नए के साथ पिक्टोरियल हों तो ध्यान जोड़े रखती हैं।

उनके लिए पढ़ें – अगर आप अपने बच्चों के लिए फैरी टेल या कार्टून की किताबें लाई हैं तो आप उन्हें अपने बच्चों के लिए पढ़ें। हो सकता है शुरुआत में बच्चे रुचि न लें तो आप उसे खुद पढ़ना शुरू करें। इससे आपके बच्चों में जिज्ञासा बढ़ेगी कि किताब में ऐसा क्या है, जो आप इसे पढ़ रहे हैं और उसे प्रोत्साहित भी करेगा। इसके बाद आप बच्चों को इस प्रक्रिया में शामिल कर सकते हैं।

किताबों से सुनाएं – कहानियों को रोमांचक तरह से सुनाएं। जरूरी नहीं है कि कहानी जैसी लिखी है आपको वैसे ही सुनानी है। आप उसमें कुछ अपने बचपन की दिलचस्प बातें जोड़ सकती हैं या फिर कहानियों के किरदार की तुलना अपने बच्चों से कर सकती हैं। यह बच्चों को जोड़े रखता है।

पूरी प्रक्रिया का आनंद लें। यह न सोचें कि यह थकाऊ प्रक्रिया है। इससे आपका बच्चा रुचि खो सकता है। हमेशा चार्ज अप लगें।

# मां बनने के एक साल के अंदर घटाएं वजन



मां बनने के एक साल के अन्दर महिलाओं ने अगर अपने वजन पर नियंत्रण नहीं किया तो उन्हें हृदय रोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप जैसी कई बीमारियां घेर सकती हैं।

ब्रिटिश दैनिक में प्रकाशित रिपोर्ट में बताया गया है कि कनाडा में टोरंटो के माउंट सिनाई अस्पताल के मधुमेह केंद्र ने अपने नए शोध में यह बताया है कि महिला के लिए मां बनने के बाद के पहले तीन महीने सुरक्षित होते हैं क्योंकि इस दौरान उनके शरीर में उतने बदलाव नहीं होते इसलिए हृदयरोग, मधुमेह या उच्च रक्तचाप का खतरा इस दौरान उतना अधिक नहीं रहता है।

शोध पत्रिका डायबिटीज केयर में प्रकाशित इस शोध के मुताबिक तीन महीने के बाद पूरे साल तक मां के शरीर में तरह-तरह के बदलाव होते हैं। इस दौरान उनके शरीर में उच्च रक्तचाप, कोलेस्ट्राल और इंसुलिन की सक्रियता काफी बढ़ जाती है और उनके हृदय संबंधी रोग से ग्रसित होने का खतरा काफी बढ़ जाता है।

शोध के दौरान 300 गर्भवती महिलाओं पर पूरे नौ महीने और बच्चे के जन्म के एक साल बाद तक निगरानी की गई और उनकी नियमित जांच की गई। जांच के दौरान पाया गया कि अगर बच्चे को जन्म देने के एक साल के अंदर मां ने अपने वजन को कम नहीं किया तो उसके मधुमेह से पीड़ित होने का खतरा बढ़ जाता है।

उन्होंने पाया कि बच्चे के जन्म के एक साल के अंदर तीन चौथाई मांओं ने अपने वजन पर काबू पा लिया और उनका कोलेस्ट्राल तथा रक्तचाप का स्तर सामान्य रहा, लेकिन जिन एक तिहाई महिलाओं का वजन इन दौरान बढ़ गया उनके मधुमेह और हृदय रोग से पीड़ित होने की संभावना भी काफी बढ़ गई। शोधकर्ता डॉक्टर रवि रत्नाकरन ने कहा कि इस शोध के कारण अब महिलाओं को बच्चे के जन्म के एक साल के अंदर वजन घटाने की सलाह दी जाती है।

# सिर्फ 15 दिनों में चेहरा खूबसूरत बनाएं जानिए कैसे



हम अपना चेहरा चमकाने के लिए ब्यूटी पार्लर के मोहताज होते हैं या फिर कुछ घरेलू उपचार का सहारा लेते हैं। यहां तक कि आधुनिक तकनीक से बोटोक्स की भी शरण में चले जाते हैं। यहां पेश है कुछ ऐसे उपाय जिसके लिए ना महंगी दवाई की जरूरत है ना ही फेसपैक और पार्लर के नखरों की।

प्रस्तुत है चेहरे के कुछ ऐसे व्यायाम जिन्हें आप आसानी से कहीं भी और कभी भी कर सकते हैं और बढ़ा सकते हैं अपने चेहरे की रौनक। इन्हें हम फेशियल योगा का नाम दे सकते हैं। प्रत्येक फेशियल योगा 8-10 से 20 बार प्रतिदिन 5 से 7 मिनट तक करें। इससे आपको 15 दिन में ही फर्क नजर आने लगेगा।

फेशियल योगा स्टेप्स

1 गर्दन सीधी रखकर आईब्रो ऊपर-नीचे करें।
2 भौहें सिकोड़ें, माथे पर आड़े व खड़े सल डालें।
3 गर्दन सीधी रखें व ऊपर-नीचे देखें।
4 आंखों को दोनों दिशा में गोल घुमाएं।
5 आंखों पर हथेली रगड़कर कुछ देर रखें।
6 सुबह व रात आंखों को ठंडे पानी से धोएं।
7 नथुने फुलाएं व ढीला छोड़ दें।
8 पूरा मुंह खोलें व बंद करें।
9 जबड़ा दाएं-बाएं हिलाएं।
10 होठों को सिकोडें व फैलाएं।
11 दांत दिखाएं व बंद करें।
12 मुंह से फुग्गा फुलाएं।
13 दांत पर दांत रखकर जमकर दबाएं।
14 गर्दन की चमड़ी को खीचें, जबड़ा टाइट करें।
15 दस तक गिनते हुए गर्दन को पीछे ले जाएं।
16 मुंह में पानी भरकर हिलाएं।
17 सोने के पहले प्रतिदिन चेहरे को साफ करें। यदि आप वर्किंग वूमन हैं तो डीप क्लीजिंग मिल्क से साफ करें।

व्यायाम के अतिरिक्त संतुलित खान-पान आपकी त्वचा में असली चमक लाता है। अत: भोजन में दूध, दही, सलाद, फल, हरी सब्जियां अवश्य लें। पर्याप्त पानी पिएं, सूर्य की तेज किरणों से बचें व धूप का चश्मा लगाएं।

# छह चीजों से चमकाएं बाल और त्वचा



अगर आप चमकदार त्वचा और हैल्दी हेयर चाहते हैं तो अपनी फूड लिस्ट मे इन चीजों को शामिल कर सकते हैं। ये चीजें आपको खूबसूरती के साथ-साथ बढिया सेहत से भी नवाजेंगी।

विटामिन ए से भरपूर चीजें

क्या लें- गाजर, पालक, ब्रोकली, पपीता, आम, आलू व टमाटर

फायदा – इन चीजों में कैरोटीन होता है, जो सनस्क्रीन का काम करता है और त्वचा को धूप से बचाता है। टमाटर में लाइकोपीन भी सनस्क्रीन का काम करता है, लेकिन जरूरी है कि टमाटर अच्छे से पका हो।

सूखे मेवे

फायदा- इनमें ओमेगा थ्री फैटी एसिड होता है जो त्वचा में नमी बनाए रखता है। अखरोट में बायोटीन होता है जो बालों को बढ़ाता है, झड़ने और दो मुंहे होने से रोकता है।

विटामिन सी वाली चीजें

फायदा- नींबू, आंवले, संतरे का खट्टापन शरीर में जाकर कोलेजन बनाता है, जो त्वचा की कोशिकाओं को जवां रखता है, इससे झुर्रियां नहीं पड़तीं और त्वचा के घाव भी जल्दी भरते हैं। विटामिन-सी वाली चीजें आसानी से पच जाती हैं और अधिक मात्रा होने पर यूरिन के रास्ते निकल जाती हैं।

अलसी के बीज

फायदा:- खाने को कुरकुरा बनाते हैं। इनमें मौजूद फाइबर, ओमेगा थ्री फैटी एसिड व विटाामिन ई से त्वचा की नमी बनी रहती है, मुंहासे नहीं होते। रोजाना एक चम्मच प्रयोग करें।

विटाामिन बी और कॉपर

पुरूषों के बालों में सफेदी की शुरूआत दाढ़ी से होती है, जबकि महिलाओं में कनपटी की तरफ से। इसके प्रमुख कारण हैं:- चिंता करना, विटामिन बी, आयरन, कॉपर और आयोडीन की कमी। इसके लिए धूम्रपान न करें, मटर, ब्रोकली, ब्राउन राइस, गांठ गोभी खाएं व ग्रीन टी पीएं।



दैनिक

# भीम प्रज्ञा

PRGI No. RJHIN/25/A3844 डाक पंजीयन G/JJN/053/2024-26 Valid up to 31 dec. 2026

2009 से स्थापित

सम्यक, न्याय, स्वतंत्रता, समानता, बंधुता, एवं सामाजिक चेतना के लिए रचनात्मक पत्रकारिता

गांव के गुवाड़ से निकलकर प्रकाशित होने वाले दैनिक अखबार भीम प्रज्ञा की मजबूती के लिए पाठक बनिए और बनाइए अपनी प्रतिक्रिया दीजिए

हेल्पलाइन - 9983040937

Bheem Pragya publication
A/C No: 61347330768
IFSC Code- SBIN0031880
Phone pe , G-pay
9983040937

www.bheempragya.in | वर्ष-1 | अंक-135 | झुंझुनू (राजस्थान) | गुरूवार, 9 अप्रैल, 2026 | Email.bheempragya@gmail.com | पृष्ठ-8 | मूल्य: 5.00


**भीम प्रज्ञा अलर्ट**

'संकट की घड़ी में घबराहट नहीं, बल्कि शांत विवेक और अटूट विश्वास ही वह शक्ति है, जो असंभव को भी संभव बना देती है। '

## सम्पादकीय




एडवोकेट हरेश पंवार

Contact No. 9983040937


मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है

## 'विवेक और विश्वास: संकट में जीवन का सबसे बड़ा सहारा '

एक बार की बात है–एक अनुभवी नाविक तूफानी समुद्र में अपनी छोटी सी नाव लेकर आगे बढ़ रहा था। लहरें उफान पर थीं, आकाश में काले बादल छाए थे और हर पल ऐसा लग रहा था कि नाव डूब जाएगी। उसके साथ बैठे नवयुवक ने घबराकर पूछा– 'अब क्या होगा?' नाविक मुस्कुराया और बोला– 'जब तक मेरा हाथ पतवार पर और मेरा मन स्थिर है, तब तक तूफान मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकता।' यही जीवन का सबसे बड़ा सत्य है–बाहरी तूफान हमें तब तक नहीं डुबा सकते, जब तक भीतर का संतुलन कायम है। यहां मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे तो बोलता है। जीवन की राह में प्रतिकूल परिस्थितियाँ आना कोई असामान्य घटना नहीं है। हर व्यक्ति के जीवन में ऐसे क्षण आते हैं जब सब कुछ बिखरता हुआ प्रतीत होता है–योजनाएँ असफल हो जाती हैं, संबंध कमजोर पड़ जाते हैं, और मन में निराशा घर कर लेती है। ऐसे समय में सबसे बड़ी चुनौती परिस्थितियाँ नहीं होतीं, बल्कि स्वयं को संभालना होता है। यहीं पर विवेक और आत्मविश्वास की असली परीक्षा शुरू होती है।

विवेक का अर्थ केवल ज्ञान होना नहीं है, बल्कि सही समय पर सही निर्णय लेने की क्षमता है। यह वह आंतरिक प्रकाश है, जो अंधेरे में भी रास्ता दिखाता है। जब मन घबराता है, विचार भ्रमित होते हैं और भावनाएँ नियंत्रण से बाहर होने लगती हैं, तब विवेक ही हमें होश में रहने की शक्ति देता है। यह हमें सिखाता है कि प्रतिक्रिया देने से पहले ठहरें, सोचें और फिर निर्णय लें। यही ठहराव हमें गलत कदम उठाने से बचाता है। इसके साथ ही आत्मविश्वास वह अदृश्य डोर है, जो हमें टूटने नहीं देती। यह विश्वास कि 'मैं इस परिस्थिति से बाहर निकल सकता हूँ '– संकट के सबसे अंधेरे क्षण में भी आशा की किरण बनकर उभरता है। इतिहास गवाह है कि जिन्होंने अपने आत्मविश्वास को बनाए रखा, उन्होंने असंभव लगने वाली परिस्थितियों को भी अपने पक्ष में मोड़ दिया। संकट चाहे कितना भी बड़ा क्यों न हो, अगर मन में विश्वास अडिग है, तो रास्ते अपने आप बनते जाते हैं। वर्तमान समय में हम देख रहे हैं कि छोटी-छोटी परेशानियाँ भी लोगों को मानसिक रूप से कमजोर कर देती हैं। असफलता का एक झटका, आलोचना का एक शब्द, या किसी योजना का विफल होना–इन सबके कारण लोग टूटने लगते हैं। इसका मुख्य कारण यह है कि हमने अपने भीतर के विवेक और विश्वास को मजबूत करने की बजाय बाहरी परिस्थितियों पर अधिक निर्भरता बना ली है। जब बाहर सब कुछ अनुकूल होता है, तब हम मजबूत दिखते हैं, लेकिन जैसे ही परिस्थितियाँ विपरीत होती हैं, हम बिखर जाते हैं।

वास्तव में, संकट जीवन का अभिन्न हिस्सा है। यह हमें परखने आता है, हमें मजबूत बनाने आता है। जैसे सोना आग में तपकर कुंदन बनता है, वैसे ही इंसान कठिन परिस्थितियों में निखरता है। लेकिन यह तभी संभव है, जब हम अपने विवेक को जागृत रखें और आत्मविश्वास को कमजोर न पड़ने दें। यदि हम घबराकर निर्णय लेते हैं या निराशा में डूब जाते हैं, तो समस्याएँ और अधिक उलझ जाती हैं। एक और महत्वपूर्ण पहलू है–संयम और नियंत्रण। संकट के समय मन को शांत रखना सबसे कठिन कार्य होता है, लेकिन यही सबसे आवश्यक भी है। जब हम अपने विचारों और भावनाओं पर नियंत्रण रखते हैं, तब हम परिस्थिति को बेहतर ढंग से समझ पाते हैं और उसका समाधान खोज पाते हैं। इसके विपरीत, यदि हम आवेश में आकर निर्णय लेते हैं, तो स्थिति और बिगड़ सकती है। ऐसे समय में अपने दैनिक जीवन की सकारात्मक गतिविधियों में लगे रहना भी अत्यंत आवश्यक है। नियमित दिनचर्या, ध्यान, प्रार्थना या कोई रचनात्मक कार्य–ये सभी हमारे मन को स्थिर रखने में सहायक होते हैं। यह हमें नकारात्मकता से दूर रखते हैं और भीतर की शक्ति को जागृत करते हैं। यही कारण है कि कठिन समय में संतुलित जीवनशैली अपनाना एक प्रकार का मानसिक उपचार बन जाता है।

**अंततः**, जीवन का सार यही है कि हम परिस्थितियों के दास न बनें, बल्कि अपने विवेक और विश्वास के सहारे उन्हें नियंत्रित करना सीखें। मुसीबतें आएंगी, जाएंगी–यह जीवन का नियम है। लेकिन यदि हमारा मन स्थिर है, विचार स्पष्ट हैं और आत्मविश्वास अडिग है, तो कोई भी बाधा हमें लंबे समय तक रोक नहीं सकती। इसलिए, जब भी जीवन में संकट के बादल घिरें, तो घबराने के बजाय अपने भीतर झांकें। अपने विवेक को जागृत करें, अपने विश्वास को मजबूत करें और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ें। क्योंकि अंततः जीत उसी की होती है, जो तूफानों के बीच भी अपने भीतर की शांति और शक्ति को बनाए रखता है।

# छात्रों को दो बार मिलेगा बोर्ड परीक्षा देने का मौका:दिलावर

### गलत ढंग से सरकारी नौकरी पाने वाले के लिए हमारे यहां दया का भाव नहीं

**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**जयपुर** । राजस्थान में शिक्षा व्यवस्था को अधिक छात्र-केंद्रित बनाने की दिशा में बड़े बदलाव की तैयारी शुरू हो गई है। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बताया कि अब बोर्ड परीक्षाओं में छात्रों को दो बार मौका देने की व्यवस्था लागू की जा रही है, साथ ही विद्यार्थियों के नामों को अधिक सम्मानजनक बनाने पर भी काम हो रहा है। सरकार का मानना है कि ये कदम छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ शिक्षा प्रणाली को अधिक संवेदनशील बनाएंगे, वहीं पेपर लीक और फर्जी तरीके से नौकरी पाने वालों पर सख्त कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी। दिलावर ने गलत तरीके से सरकारी नौकरी पाने वालों को लेकर कहा कि स्हल इस पूरे मामले की जांच कर रही है। हम किसी को छोड़ेंगे नहीं, हमारे यहां दया का भाव नहीं है।



हम तो सौभाग्य से ऐसी जाति में पैदा हुए हैं, जहां दया का भाव होता ही नहीं है।बुधवार को जयपुर शिक्षा संकुल में मीडिया से बातचीत के दौरान शिक्षा मंत्री दिलावर ने बताया कि राजस्थान में इस बार बोर्ड परीक्षाओं के परिणामों ने सरकारी स्कूलों की तस्वीर बदल दी है। पहली बार ऐसा देखने को मिला है कि 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों में बड़ी संख्या सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों की है। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बताया कि भले ही शिक्षा विभाग मेरिट सूची जारी नहीं करता, लेकिन आंकड़ों के विश्लेषण में सरकारी स्कूलों के छात्रों का प्रदर्शन बेहद शानदार रहा है।

### शिक्षा विभाग की छात्रों के नामों को लेकर भी नई पहल

दिलावर ने बताया कि शिक्षा विभाग ने छात्रों के नामों को लेकर भी नई पहल की है। ऐसे लगभग 2 से 3 हजार नाम चिन्हित किए गए है, जो निरर्थक या असम्मानजनक है। स्कूलों को सूची उपलब्ध करवाई जाएगी और शिक्षकों के माध्यम से अभिभावकों को बच्चों के लिए सम्मानजनक नाम रखने के सुझाव दिए जाएंगे। मंत्री ने स्पष्ट किया कि यह बाध्यता नहीं बल्कि, सुझाव होगा और प्रवेश के समय या अन्य निर्धारित अवसरों पर नाम परिवर्तन का विकल्प उपलब्ध रहेगा।

### शिक्षा के मामले में राजस्थान पहुंचा चौथे नंबर पर

शिक्षा मंत्री ने बताया कि राज्य का शैक्षणिक स्तर तेजी से सुधर रहा है। राजस्थान, जो पहले देश में 14वें स्थान पर था, अब चौथे स्थान पर पहुंच गया है। आगे सुधार के लिए उन शिक्षकों की सूची तैयार की जाएगी, जो किसी प्रकार के नशे या दुर्व्यसन के साथ स्कूल आते हैं। भविष्य में उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की संभावना जताई गई है।

### दिव्यांग छात्र ने पूरे नंबर हासिल कर की मिसाल कायम

उन्होंने बताया कि इस साल कक्षा 12वीं में करीब 12 लाख छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। इनमें से लगभग 11,500 विद्यार्थियों ने 90' से अधिक अंक हासिल किए। वहीं कक्षा 10वीं में एक दिव्यांग छात्र ने दोनों हाथ नहीं होने के बावजूद 600 में से 600 अंक प्राप्त कर मिसाल कायम की है। दिलावर ने बताया कि अब इन होनहार छात्रों को जिला और ब्लॉक स्तर पर होर्डिंग, बैनर और पोस्टर के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा। इससे सरकारी स्कूलों में हो रहे सकारात्मक बदलाव की जानकारी आमजन तक पहुंचेगी। शिक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि अब कई अभिभावक निजी स्कूलों से अपने बच्चों को निकालकर सरकारी स्कूलों में प्रवेश दिला रहे हैं।

### पहली बार 1 अप्रैल से ही सरकारी स्कूलों में नया सत्र शुरू

उन्होंने कहा कि राज्य में पहली बार 1 अप्रैल से ही सरकारी स्कूलों में नया सत्र शुरू कर दिया गया है। 11 अप्रैल तक प्रवेश उत्सव मनाया जा रहा है। ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। इसके साथ ही मंत्री ने शिक्षकों को घुमंतू जाति के बच्चों को बिना आईडी के भी प्राथमिकता से प्रवेश देने के निर्देश दिए। दिलावर ने बताया कि अब प्राइवेट स्कूलों की तर्ज पर सरकारी स्कूलों में अब एलुमनाई मीट आयोजित की जाएगी, जिसमें पूर्व छात्रों को बुलाकर वर्तमान छात्रों को प्रेरित किया जाएगा। वहीं अब पीटीआई शिक्षकों को हर पीरियड में छात्रों को खेल गतिविधियों से जोड़ने के निर्देश दिए जाएंगे, ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके।

## बीकानेर पीबीएम अस्पताल के विस्तार को लेकर विधायक सिद्धि कुमारी की पहल, चिकित्सा मंत्री को भेजा विस्तृत प्रस्ताव

**भीम प्रज्ञा न्यूज.बीकानेर।**

**सोहनलाल परिहार** । बीकानेर में चिकित्सा सुविधाओं को सुदृढ़ करने को लेकर एक महत्वपूर्ण कदम बीकानेर पूर्व की विधायिका सुश्री सिद्धि कुमारी ने पीबीएम अस्पताल में सुविधाओं के विस्तार और सुधार हेतु राज्य सरकार का ध्यान आकर्षित किया है। इस संबंध में गजेंद्र सिंह खींवसर, राज्य के चिकित्सा मंत्री, को एक विस्तृत पत्र भेजा गया है, जिसमें अस्पताल की वर्तमान स्थिति और बढ़ते मरीज भार को देखते हुए कई आवश्यक सुधारों की मांग की गई है। भाजपा नेता मोहन सुराणा,



कुनाल कोचर और मनीष सोनी ने सभी बिंदुओं पर सुझाव दिए और विस्तृत चर्चा कर इस प्रस्ताव को जनहित में अत्यंत आवश्यक बताते हुए विधायिका सिद्धि कुमारी से इसे शीघ्र लागू करवाने का आग्रह किया। पत्र में प्रमुख रूप से सुपर स्पेशियलिटी सर्जिकल ब्लॉक की स्थापना, मरीजों की सुविधा के लिए बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर, महिला एवं बच्चों के अस्पताल में आधुनिक सुविधाओं का विस्तार, तथा आपातकालीन सेवाओं को केंद्रीकृत करने जैसे महत्वपूर्ण बिंदु शामिल हैं। साथ ही, अस्पताल के कुशल संचालन के लिए एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी की नियुक्ति की मांग भी की गई है। यह पहल बीकानेर और आसपास के क्षेत्रों के लाखों मरीजों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## मंडावा तहसीलदार ने जारी करवाया पटवार भवन को पट्टा

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।**

**पवन कुमार शर्मा** । प्रायः दूसरे विभागों को जमीन आवंटित करने वाला राजस्व विभाग को अपने लिए ही भूमि को पट्टा दिलाने में वर्षों का समय लग गया। एक दिन निरीक्षण के दौरान तहसीलदार को यह जानकारी मिली कि उनके पटवार मंडल के पास भूमि तो है लेकिन उसका आज तक कोई पट्टा जारी नहीं हुआ। तहसीलदार डॉ सुरेंद्र भास्कर ने स्वतः संज्ञान लेकर तुरंत अधिशासी अधिकारी नगरपालिका को इस प्रकरण में पटवार भवन को पट्टा जारी करने बाबत निर्देशित किया। उसके पश्चात गुरुवार को तहसील कार्यालय मे तहसीलदार मंडावा डॉ सुरेन्द्र भास्कर द्वारा पटवार भवन मंडावा का पट्टा जारी करवाके उसे रजिस्टर्ड कर पटवारी हल्का मंडावा धर्मेंद्र मीणा को सुपुर्द किया। इस अवसर पर ऑफिस कानूनगों गिरधारी लाल जांगिड भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है



के कस्बे मे लगभग 45 वर्ष पूर्व चेजारों का मोहल्ला वार्ड न. 24 मे पटवार भवन बनाया गया था परन्तु भवन का पट्टा बना हुवा नहीं था। पटवार भवन का पट्टा बन जाने से भविष्य मे कस्बे मे नए पटवार भवन निर्माण का रास्ता साफ हो गया है।

## एम. डी. ग्रुप ऑफ एजुकेशन चिड़ावा में हुआ एक दिवसीय साइबर क्राइम जागरुकता कार्यशाला का आयोजन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।**

एम. डी. ग्रुप ऑफ एजुकेशन चिड़ावा सभागार में एम्पावरिंग राजस्थान यूथ : ए लीगल लिटरेसी इनेशेटिव -2026 कार्यक्रम के तहत मंगलवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता चिड़ावा न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश नरेन्द्र सिंह ने की। इसमें राजस्थान विधिक सेवा प्राधिकरण की पहल पर देश कर भावी नागरिक बनने वाले विद्यार्थी व शिक्षकों को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया । इसमें मुख्य अतिथि व साइबर क्राइम विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को साइबर बुलिंग, स्टॉकिंग, ब्लेकमेलिंग, गेमिंग फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट ओटीपी स्कैम आदि से बचने की जानकारियाँ दी। उन्होंने बताया की विद्यालय परिसर में एक साइबर क्राइम प्रोटेक्शन बॉक्स रखवाया जायेगा ,जिसमें विद्यार्थी अपने मन की परेशानियों, शिकायतों या साइबर फ्रॉड से सम्बन्धित समस्याओं से जुड़ी शिकायत पर्ची







डाल सकेंगे । इस बॉक्स में प्राप्त होने वाली सूचनाएं सीधे विधिक सेवा प्राधिकरण के पास जाएगी और प्राधिकरण के अधिकारी व कर्मचारी उन शिकायतों का निपटारा करेंगे ।इस अवसर पर साइबर क्राइम विषय विशेषज्ञों ने अपने जीवन साइबर फ्रॉड से जुड़े अनेक प्रसंग सुनाने के साथ साथ उनसे बचने के उपाय बताये । एम डी ग्रुप ऑफ एजुकेशन के चैयरमेन सुनील कुमार डांगी ने अपने उद्बोधन में बताया कि वर्तमान डिजिटल युग में जहाँ तकनिकी संसाधनों की सुगमता से लाभ मिला है वहीं उसके दुष्परिणाम भी सामने आये हैं । अपराधियों ने क्राइम के नये- नये तरीके खौज लिए हैं। उन्होंने डिजिटल संसाधनों का उपयोग साइबर क्राइम के रूप में किया है। हमें इस तरह के ओटीपी स्कैम, गेमिंग फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट आदि से बचना चाहिए तथा ऐसा होने पर तत्काल अपने नजदीकी पुलिस थाने में इसकी शिकायत करनी चाहिए। एम डी ग्रुप ऑफ एजुकेशन शिक्षा के क्षेत्र में नवाचारों के साथ साथ उत्कृष्ठ परीक्षा परिणाम के लिए जाना जाता है। वर्तमान में आई आई टी व नीट की कक्षाओं का विधिवत संचालन किया जा रहा है। इस अवसर पर एम डी ग्रुप ऑफ एजुकेशन के समस्त सदस्य उपस्थित रहें।

## चिड़ावा में बिगड़ी सफाई व्यवस्था, ऑटो टीपर चालकों का प्रदर्शन



**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।**

चिड़ावा नगर पालिका क्षेत्र में पिछले 15 दिनों से सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है, जिससे वार्ड नंबर 1 से 40 तक कचरा नहीं उठने के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार नगर पालिका के करीब 15 ऑटो टीपर खराब पड़े हैं, जिसके चलते सफाई कार्य प्रभावित हो रहा है। इस समस्या को लेकर ऑटो टीपर चालकों ने प्रदर्शन कर विरोध जताया। चालकों का कहना है कि वे रोज काम पर आ रहे हैं, लेकिन उनकी हाजिरी तक दर्ज नहीं की जा रही है। उन्होंने इस अव्यवस्था के खिलाफ नाराजगी जताते हुए नगर पालिका ईओ से जल्द समाधान की मांग की है। प्रदर्शन करने वालों में कपिल कटेवा, काशी, विशाल कुमार, सत्यवीर धानक, कपिल ओजटू, सुनील ओजटू, नवीन कुमार, पिरामल सैनी, सद्दाम खान, आबिद खान, शीशराम, पार्वती हेल्पर व सोनू आलडिया सहित अन्य शामिल रहे।

# 10 वर्ष का हुआ दिव्यांग सेवा संस्थान, मूक बधिर बच्चों की कला देखकर झूमे दर्शक, बड़ी हस्तियां आई सहयोग के लिए आगे

**भीम प्रज्ञा न्यूज.बीकानेर।**

**सोहनलाल परिहार** । दिव्यांग सेवा संस्थान का दसवां वार्षिक उत्सव गंगाशहर स्थित संस्थान परिसर में सोमवार को हर्षोल्लास से मनाया गया। प्रतिभावान मूक-बधिर बच्चों की कलाओं से प्रकाशित इस उत्सव में संभागीय आयुक्त विश्राम मीणा बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। वहीं वरिष्ठ समाजसेवी सीए सोहन बैद, द्वारका प्रसाद (डीपी) पचीसिया, समाजसेवी व भाजपा नेता मोहन सुराणा, सांस्कृतिक आइकन मिस मूमल गरिमा विजय, समाजसेवी श्यामसुंदर सोनी व कन्हैयालाल भाटी कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि थे। भाजपा देहात अध्यक्ष श्याम पंचारिया, कांग्रेस शहर अध्यक्ष मदन गोपाल मेघवाल, देवकिशन पेड़ीवाल, बरसिंहसर लिग्नाइट माइंस के उप महाप्रबंधक विजय कुमार भाल्के व आनंद स्वामी भी बतौर विशिष्ठ अतिथि शामिल हुए। संस्थान के अध्यक्ष अम्बाराम इणखिया, पूर्व महाप्रबंधक एन एल सी, बरसिंहसर नें आगन्तुकों का स्वागत करते हुए संस्थान को निरंतर सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम में मूक-बधिर बच्चों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों की प्रदर्शनी को आगंतुकों ने न केवल सराहा बल्कि खरीददारी भी की। मूक-बधिर बच्चों द्वारा



नृत्य व नाटक प्रस्तुत किए गए। मूक बधिर बच्चों द्वारा इस तरह का प्रस्तुतिकरण कौतूहल का विषय रहा। जो बच्चे सुन भी नहीं सकते, वे भी जब नृत्य करते दिखे तो दर्शक भाव विभोर होने से खुद को रोक नहीं पाए। कार्यक्रम के दौरान भामाशाहों व दर्शकों ने इन बच्चों के सहयोग के लिए धन विसर्जन किया। जिला उद्योग संघ के श्यामसुंदर सोनी ने 21 हजार, सीए सोहन लाल बैद ने 11 हजार व मोहन सुराणा ने वर्ष भर की स्टेशनरी उपलब्ध करवाने की घोषणा की। विसर्जन पेटी सबके आर्थिक सहयोग से भरी हुई मिली। रोशन बाफना के आग्रह पर संस्थान की स्थाई जमीन व भवन की आवश्यकता को



लेकर मोहन सुराणा व डीपी पचीसिया ने संस्थान को आश्वस्त किया। उन्होंने मंच से घोषणा करते हुए कहा कि शीघ्र ही प्रशासन व जन सहयोग इस कार्य को पूर्ण करवाया जाएगा। डीपी पचीसिया, मोहन सुराणा व रोशन बाफना से हुई वार्ता में संभागीय आयुक्त विश्राम मीणा ने पूर्ण सहयोग हेतु आश्वस्त किया। समाजसेवी चंपालाल डागा, सीए सोहन लाल बैद, श्यामसुंदर सोनी व कन्हैयालाल भाटी ने भी इस प्रस्ताव का समर्थन किया है। संस्थान के संस्थापक सचिव जेठाराम ने बताया कि 2016 में 3 बच्चों से इस सफर की शुरुआत हुई। वह नन्हा कदम अब 55 बच्चों तक पहुंच गया है। उन्होनें बताया कि संस्थान के बालक बालिकाओं के शिक्षा खर्च पेटे प्रति माह आर्थिक सहयोग करने अर्थात शिक्षा गोद वाले तथा निरंतर सहयोग करने वाले भामाशाहों का इस अवसर पर सम्मान किया गया। फिलहाल सरकार से संस्थान को अनुदान नहीं मिल रहा है, इसलिये संस्थान की दिन प्रतिदिन की गतिविधियों के संचालन हेतु जनसहयोग की निरंतर आवश्यकता है। अगर समाज सहयोग करे तो नियमित आवश्यकताओं की पूर्ति में कमी नहीं आएगी। संस्थापक सचिव जेठाराम नें सभी आगन्तुकों को धन्यवाद ज्ञापित किया तथा बताया कि संस्थान में बच्चों को शिक्षा के साथ साथ प्रशिक्षण, पुनर्वास व रोजगार से जोड़ने का प्रयास भी किया जा रहा है। जेठाराम ने बताया कि इस विशेष कार्यक्रम में रामस्वरूप कूकणा ने भोजन प्रसादी की व्यवस्था की। वहीं समाजसेवी रोशन बाफना का विशेष सहयोग मिला। संस्थान स्टाफ पूजा बारूपाल, रिद्धिमान बारूपाल, चेतना बारूपाल, परिना मैडम, राजेश कुमार, रोहित कुमार, मनीष कुमार, अनिल चौहान, भूपेंद्र कुमार, सुमन शर्मा, सौरभ, एडवोकेट महेंद्र बारूपाल सहित सामाजिक कार्यकर्ता अनुराधा सोनी व देवयानी स्याणी ने व्यवस्थाएं संभाली, आरजे मयूर व अमित पुरोहित ने मंच संचालन किया।

# चिड़ावा की बेटी मोक्षा अग्रवाल ने रचा इतिहास, एसएसजी सीजीएल में ऑल इंडिया 43वीं रैंक बनीं

## मोक्षा की सफलता से मिला संदेश, तीन साल की तपस्या, सोशल मीडिया से दूरी और लक्ष्य पर अटूट फोकस

**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।**

अगर इरादा मजबूत हो तो छोटे कस्बे की बेटियां भी देशभर में अपनी पहचान बना सकती हैं। इसी प्रेरणादायक संदेश को साकार किया है चिड़ावा कस्बे की होनहार बेटी मोक्षा अग्रवाल ने। जिन्होंने एसएससी द्वारा आयोजित सीजीएल परीक्षा में ऑल इंडिया 43वीं रैंक हासिल कर न सिर्फ अपने परिवार, बल्कि पूरे शेखावाटी क्षेत्र और अग्रवाल समाज का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि के साथ उनका चयन केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर विभाग (सीजीएसटी) में इंस्पेक्टर पद पर हुआ है। चिड़ावा जैसे कस्बे से निकलकर देशभर में टॉप रैंक हासिल करना आसान नहीं होता। लेकिन मोक्षा ने यह साबित कर दिया कि संसाधनों से ज्यादा जरूरी संकल्प होता है। देशभर से करीब 1.30 लाख अभ्यर्थियों ने इस परीक्षा में भाग लिया। जिनमें से लगभग 15 हजार ही अंतिम चयन सूची तक पहुंच सके। ऐसे कठिन प्रतिस्पर्धी माहौल में 43वीं रैंक हासिल करना अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। मोक्षा की सफलता के पीछे कोई शॉर्टकट नहीं, बल्कि लगातार तीन वर्षों की कड़ी मेहनत और अनुशासित दिनचर्या रही। उन्होंने खुद बताया कि तीन साल तक एक ही कमरे में रहकर तैयारी की। सोशल मीडिया से पूरी तरह दूरी बनाई। इंस्टाग्राम सहित किसी भी प्लेटफॉर्म पर अकाउंट तक नहीं रखा। उनका मानना है कि फोकस बनाए रखने के लिए डिस्ट्रैक्शन से दूर रहना बेहद जरूरी है। बेटी मोक्षा अग्रवाल की यह सफलता यह संदेश देती है कि अगर लक्ष्य स्पष्ट हो, मेहनत सच्ची हो और मन में दृढ़ संकल्प हो, तो कोई भी मंजिल दूर नहीं। छोटे कस्बों की बेटियां भी अब देश की बड़ी सेवाओं में अपनी मजबूत पहचान बना रही हैं और यही बदलते भारत की नई तस्वीर है।



### अग्रवाल समाज ने जताई खुशी

मोक्षा की उपलब्धि पर पूर्वी राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष झंडीप्रसाद हिम्मतरामका, अग्रवाल जन कल्याण समिति के पूर्व अध्यक्ष दामोदरप्रसाद हिम्मतरामका, व्यापार मंडल के अध्यक्ष महेश मालानी, सेंट विवेकानंद स्कूल के चेयरमैन शिक्षाविद् अनिल गुप्ता, सामाजिक कार्यकर्ता महेश सर्राफ, अखिल भारतीय हिंदू महासभा के जिला उपाध्यक्ष रमेश गाडिया, पूर्व पार्षद सुनिल डालमिया मक्खन, श्रीकृष्ण गौशाला के महामंत्री प्रो. केएम मोदी, अड़ूकिया स्कूल के प्रिंसिपल प्रदीप मोदी, युवा वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री अनुज भगेरिया, पूर्व सहवृत्त सदस्य कपिल भगेरिया, मॉर्निंग योगा क्लब के इंद्र सूरजगढ़िया, युवा व्यवसायी अमित सुशील गोयल, अनिल रामभरोसा, केके बाछुका, राकेश बाछुका, राकेश सर्राफ, अमित भगेरिया, प्रशांत अग्रवाल पिचानवेवाला, प्रो. केएल लाठ, सौरभ–राहुल सुलतानिया, आशीष अग्रवाल गाडाखेड़ावाला, टीलेवाला बालाजी मंदिर समिति के मुरारी किठानिया, किशन गोयल, सुरेश डालमिया, बाल कल्याण समिति की पूर्व सदस्य व पूर्व पार्षद मनीषा केडिया आदि ने खुशी जताई है और पूरे समाज के लिए मोक्षा को एक प्रेरणा बताया है।

### भीड़ से अलग सोच ने दिलाई पहचान

कॉमर्स स्ट्रीम के अधिकांश विद्यार्थी जहां सीए, सीएस या सीएमए की ओर जाते हैं। वहीं मोक्षा ने अलग रास्ता चुना।उन्हें इनकम टैक्स इंस्पेक्टर और केंद्रीय सेवाओं के बारे में जानकारी मिली। जिसके बाद उन्होंने एसएससी सीजीएल परीक्षा की तैयारी शुरू कर दी। उनका कहना है हर छात्र को अपनी रुचि के अनुसार रास्ता चुनना चाहिए, सिर्फ पारंपरिक विकल्पों तक खुद को सीमित नहीं रखना चाहिए। मोक्षा की सफलता की कहानी में संघर्ष भी शामिल है। पिछले प्रयास में उन्हें मनचाही रैंक नहीं मिली थी। नॉर्मलाइजेशन के कारण अंक प्रभावित हुए, लेकिन उन्होंने समझौता नहीं किया और जॉइनिंग लेने के बजाय दोबारा तैयारी करने का फैसला किया। इस बार उन्होंने अपनी कमजोरी को ताकत बनाया और ऑल इंडिया 43वीं रैंक हासिल कर दिखाई।

### पहली पसंद सीजीएसटी, राजस्थान में सेवा की इच्छा

मोक्षा ने बताया कि उनकी पहली प्राथमिकता शुरू से ही केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर विभाग (सीजीएसटी) थी। अब उनका चयन इंस्पेक्टर पद पर हो चुका है और जल्द ही उन्हें ट्रेनिंग के साथ राज्य आवंटन मिलेगा। उन्होंने इच्छा जताई है कि वे राजस्थान में रहकर ही देश की सेवा करना चाहती हैं। मोक्षा का मानना है कि बेटियों को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। सिर्फ सीए, डॉक्टर या इंजीनियर तक सोच सीमित नहीं रखें। साइंस, आर्ट्स और कॉमर्स–हर क्षेत्र में बेहतर करियर विकल्प मौजूद हैं। उनका यह संदेश आज के युवाओं, खासकर बेटियों के लिए नई दिशा दिखाता है।

### परिवार में जश्न, माता-पिता हुए भावुक

मोक्षा की सफलता की खबर जैसे ही चिड़ावा पहुंची, उनके घर पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। मां विनिता और पिता अमित हलवाई के साथ पूरा हलवाई परिवार भावुक हो उठे। उन्होंने बताया कि उन्हें यह भी अंदाजा नहीं था कि मोक्षा इतनी बड़ी तैयारी कर रही है। मोक्षा के दादा श्रीकांत हलवाई कस्बे के जाने–माने व्यापारी है। उनकी दादी तारादेवी गृहिणी है। जबकि मोक्षा के पिता अमित अग्रवाल भी व्यवसायी और मां विनिता अग्रवाल गृहिणी है। परिवार के लोगों ने कहा कि आज उनकी बेटी ने पूरे परिवार का नाम रोशन किया है। स्थानीय नागरिकों और अग्रवाल समाज के लोगों ने इसे गौरव का क्षण बताया है। लोगों का कहना है कि मोक्षा की यह उपलब्धि न केवल एक व्यक्तिगत सफलता है, बल्कि समाज और क्षेत्र की बेटियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इस मौके पर दादा अशोक हलवाई, दादी संतोष देवी, चाचा विशाल, आलोक, हेमंत, रवि, चाची अनिता, पूजा, पायल, सोनू, सिया, आसी, कार्तिकेयर आदि ने भी बधाई दी है।

# फार्मर रजिस्ट्री कैम्प में तहसील मंडावा रही जिले में प्रथम

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।**



**पवन कुमार शर्मा ।** राजस्थान में पहली बार आयोजित किए गए फार्मर रजिस्ट्री कैंप में मंडावा उपखंड एवं मंडावा तहसील ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह उपलब्धि प्रशासनिक अधिकारियों के कुशल नेतृत्व एवं राजस्व टीम के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। इस महत्वपूर्ण सफलता में उपखंड अधिकारी मुनेश कुमारी, तहसीलदार डॉ. सुरेंद्र भास्कर तथा मुकेश सिहाग (आरटीएस) के मार्गदर्शन में सभी गिरदावरों एवं पटवारियों ने उल्लेखनीय योगदान दिया। उनके समर्पण, मेहनत और कार्यकुशलता के चलते मंडावा क्षेत्र ने यह गौरव हासिल किया। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें मुकेश सिहाग (आरटीएस) सहित सभी गिरदावरों एवं पटवारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी कर्मचारियों के लिए सामूहिक भोज का भी आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर श्रीमान उपखंड अधिकारी महोदया एवं तहसीलदार महोदय ने सभी कार्मिकों को इस उत्कृष्ट कार्य के लिए हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार की टीम भावना एवं समर्पण के साथ कार्य करते हुए भविष्य में भी मंडावा क्षेत्र नई उपलब्धियां हासिल करता रहेगा।

# एईएन अमित चौधरी को मिला मंडावा पंचायत समिति विकास अधिकारी का चार्ज



**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।**

**पवन कुमार शर्मा ।** मंडावा पंचायत समिति विकास अधिकारी का चार्ज एईएन अमित चौधरी को सौंपा गया। एईएन अमित चौधरी को चार्ज मिलने पर उनका समाजसेवी अमित मीणा झुंझुनूं ओर सर्व ब्राह्मण एकता मंच युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राहुल मिश्रा के नेतृत्व में माला पहनाकर एवं बालाजी महाराज की फोटो देकर स्वागत किया गया।

## जब सिस्टम खामोश था, न्याय खुद चलकर आया

# घायल पीड़ित तक पहुंचे जज, मुआवजा प्रक्रिया पर उठे बड़े सवाल

**भीम प्रज्ञा न्यूज.दौसा।**

एक तरफ देशभर में दुर्घटना पीड़ितों को मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया वर्षों तक फाइलों में उलझी रहती है, बीमा कंपनियों की देरी और प्रशासनिक शिथिलता के कारण पीड़ित न्याय के लिए भटकते रहते हैं, वहीं दौसा जिला न्यायालय परिसर में बुधवार को एक ऐसा दृश्य सामने आया जिसने न्यायपालिका की संवेदनशीलता के साथ-साथ सिस्टम की खामियों को भी बेनकाब कर दिया। जिला एवं सैशन न्यायाधीश केशव कौशिक ने उस व्यवस्था को आईना दिखाया, जिसमें अक्सर पीड़ित को न्यायालय के चक्कर काटने पड़ते हैं, और स्वयं प्रथम तल से नीचे उतरकर गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को मुआवजा राशि का चैक सौंपा। मामला सीएमए संख्या 4066/2023 भगवान सहाय बनाम अमर सिंह व अन्य से जुड़ा है, जिसमें राजस्थान उच्च न्यायालय लीगल सर्विस कमेटी, जयपुर के माध्यम से राष्ट्रीय लोक अदालत में 19 दिसंबर 2025 को अवार्ड पारित हुआ था। आदेश के तहत बीमा कंपनी को पीड़ित को 16 लाख 75 हजार रुपये अतिरिक्त भुगतान करने के निर्देश दिए गए थे। हालांकि, यह तथ्य भी गंभीर सवाल खड़ा करता है कि दुर्घटना के बाद पीड़ित को राहत राशि मिलने में इतना लंबा समय क्यों लगा और क्या



यह देरी बीमा कंपनियों की सामान्य कार्यशैली का हिस्सा बन चुकी है, जिस पर नियामक संस्थाएं मौन हैं। श्रीराम जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा राशि अधिकरण के खाते में जमा कराई गई, लेकिन न्यायालय तक पहुंचने में असमर्थ पीड़ित की स्थिति ने उस सच्चाई को उजागर किया, जिसे अक्सर अनदेखा कर दिया जाता है–क्या हमारी न्यायिक और प्रशासनिक व्यवस्था वास्तव में दिव्यांग और गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों के लिए सुलभ है? रीढ़ की हड्डी में फ्रैक्चर के कारण वाहन में लेटे पीड़ित तक खुद न्यायाधीश का पहुंचना इस बात का संकेत है कि सिस्टम में 'एक्सेस टू जस्टिस' अभी भी कागजों तक सीमित है। न्यायाधीश केशव कौशिक द्वारा न केवल चैक सौंपा गया, बल्कि राशि को सीधे पीड़ित के बैंक खाते में जमा कराने के निर्देश भी दिए गए, जो पारदर्शिता और जवाबदेही की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। लेकिन यह घटना यह भी संकेत देती है कि यदि न्यायाधीश स्वयं हस्तक्षेप न करें, तो क्या ऐसे पीड़ितों को समय पर राहत मिल पाती? यह सवाल पूरे देश की न्यायिक और बीमा प्रणाली के लिए चुनौती बनकर खड़ा है। इस पूरे घटनाक्रम ने एक ओर न्यायपालिका के मानवीय चेहरे को सामने रखा, तो दूसरी ओर यह भी स्पष्ट किया कि दुर्घटना मुआवजा तंत्र में देरी, प्रक्रियात्मक जटिलता और पीड़ितों के प्रति असंवेदनशीलता जैसी गंभीर समस्याएं अभी भी जड़ जमाए हुए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि मोटर वाहन अधिनियम के तहत त्वरित मुआवजा सुनिश्चित करने के लिए बनाई गई व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी और जवाबदेही तय करना अब अनिवार्य हो गया है, अन्यथा 'न्याय में देरी' ही 'न्याय से वंचित' करने का माध्यम बनती रहेगी।

# राशन दुकान 3 किमी दूर शिफ्ट होने पर वार्डवासियों में रोष, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

अधिकृत राशन डीलर की दुकान वार्ड 28 पुराना व नया 38 की राशन डीलर की दुकान तीन किलोमीटर दूर अन्यत्र स्थानांतरित करने पर वार्डवासियों ने नाराजगी जताते हुए उपखंड अधिकारी को ज्ञापन देकर वार्ड में ही रखने की मांग की है।

वार्डवासियों की ओर से दिए गए ज्ञापन में बताया कि उक्त वार्ड की अधिकृत राशन डीलर की दुकान वार्ड में ही संचालित थी जिसे अब सरकारी अस्पताल के पास वार्ड से करीब तीन किलोमीटर दूर संचालित कर दी गई जिसमें वार्ड के नागरिकों को राशन लाने और जाने में भारी परेशानी के साथ ही अनावश्यक आर्थिक भार उठाना पड़ रहा है। ज्ञापन में बताया कि सरकार की ओर से गरीब मजदूर वर्ग के लिए राशन की सुविधा की जा रही जबकि उक्त वार्ड के लिए उक्त सरकारी सुविधाएं परेशानी का कारण बन रही है। ज्ञापन में राशन डीलर की अधिकृत दुकान को वार्ड में ही संचालित करने की मांग की है । पूर्व पार्षद राकेश कुमार सैनी के नेतृत्व में दिए ज्ञापन में पुरूषोत्तम, मुकेश कुमार, महेंद्र कुमार,पवन कुमार सैनी, मुन्नी देवी,परमी देवी



सेन,राम देवी, पुष्पा देवी, संतरा देवी, कृष्णा देवी, शारदा देवी, सुमित्रा देवी, विमला देवी, द्रौपदी देवी, सुनिता देवी, दुर्गा देवी,भानू देवी, सुमन,माया,गीता देवी सहित बड़ी संख्या में वार्ड की महिला पुरूष मौजूद थे। इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी मोहर सिंह मीणा ने वार्ड के नागरिकों को जल्द समाधान का आश्वासन दिया।

# मोबाइल की स्क्रीन से मंडरा रहा खतरा : महवा के द बौहराज स्कूल में न्यायिक मजिस्ट्रेट ने दी साइबर अपराध से बचाव की सख्त सीख

**भीम प्रज्ञा न्यूज.महवा।**

'जरा सी चूक, बड़ी मुसीबत का सबब बन जाती है '–इसी सच्चाई को सामने रखते हुए महवा स्थित द बौहराज ग्लोबल स्कूल में बुधवार को साइबर अपराध जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया, जहां न्यायिक मजिस्ट्रेट सीमा मीणा ने विद्यार्थियों को डिजिटल दुनिया के छिपे खतरों से रूबरू कराते हुए कानूनी दृष्टि से सजग रहने का स्पष्ट संदेश दिया। कार्यक्रम में उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि वर्तमान समय में सोशल मीडिया जितना अवसर दे रहा है, उतना ही जोखिम भी बढ़ा रहा है, और थोड़ी सी लापरवाही बच्चों को गंभीर अपराधों की गिरफ्त में ले जा सकती है। सेमिनार के दौरान सीमा मीणा ने बताया कि किशोरावस्था के छात्र-छात्राएं सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग के कारण साइबर अपराधियों के आसान निशाने बन रहे हैं, जहां फर्जी आईडी के जरिए दोस्ती कर विश्वास जीतने के बाद ठग लोग धोखाधड़ी, ब्लैकमेलिंग, अपहरण और यौन शोषण जैसे




गंभीर अपराधों को अंजाम देते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे अपराध केवल सामाजिक ही नहीं, बल्कि कानूनी दृष्टि से भी बेहद गंभीर हैं, जिनमें सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं के तहत कठोर दंड का प्रावधान है। उन्होंने विद्यार्थियों को सावधान करते हुए कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार करना या उससे निजी बातचीत करना खतरे को न्योता देना है। साथ ही मोबाइल नंबर, पता, स्कूल का नाम, फोटो या पासवर्ड जैसी व्यक्तिगत जानकारी साझा करना सीधे तौर पर अपराधियों को अवसर देने जैसा है। उन्होंने यह भी कहा कि 'सावधानी हटी, दुर्घटना घटी' केवल कहावत नहीं, बल्कि डिजिटल युग की सच्चाई है, जिसे समझना आज हर छात्र के लिए जरूरी है।

विद्यालय परिसर में शिकायत पेटी स्थापित कर विद्यार्थियों को अपनी समस्याएं गोपनीय रूप से साझा करने का अवसर दिया गया, वहीं शिक्षकों और विद्यार्थियों की संयुक्त टीम गठित कर यह सुनिश्चित किया गया कि हर शिकायत का समय पर समाधान हो सके। उन्होंने कहा कि यदि कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत अभिभावकों और शिक्षकों को सूचित करना ही सबसे सुरक्षित कदम है, क्योंकि समय पर उठाया गया कदम बड़े खतरे को टाल सकता है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रशासन ने न्यायिक मजिस्ट्रेट का आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों से साइबर सुरक्षा के नियमों का पालन करने का संकल्प दिलाया। इस दौरान स्कूल निदेशक विनय बोहरा, सह निदेशक विकास बोहरा, संरक्षक गोपुत्र अवधेश अवस्थी, प्रिंसिपल दिव्या मिश्रा, वाइस प्रिंसिपल श्वेता राणा सहित विद्यालय स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# रैफल्स विश्वविद्यालय में नशा मुक्ति पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

**रमेशचंद ।** रैफल्स विश्वविद्यालय, नीमराना में बुधवार को राजस्थान पुलिस के सहयोग से नशा मुक्ति (ड्रग डी-एडिक्शन) विषय पर एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस पहल का उद्देश्य छात्रों एवं स्टाफ को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा नशा मुक्त समाज को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष प्रो.(डॉ.)आर. एस. सांगवान के स्वागत उद्बोधन से हुआ, जिन्होंने स्वस्थ एवं जिम्मेदार युवा पीढ़ी के निर्माण में शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने जागरूकता फैलाने एवं छात्रों को बेहतर भविष्य की दिशा में मार्गदर्शन देने हेतु राजस्थान पुलिस के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर विशिष्ट पुलिस अधिकारियों ने अपने विचार साझा किए। सुरेश कुमार खींची, एएसपी, नीमराना ने नशे की बढ़ती समस्या एवं सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। चारुल गुप्ता, डीएसपी, नीमराना ने छात्रों को नशे से दूर रहने और समाज के प्रति सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रेरित किया। राजेश कुमार मीणा, एसएचओ, नीमराना ने अपने अनुभव साझा करते हुए छात्रों से सजग एवं जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सभी डीन, विभागाध्यक्ष, प्राचार्य, रजिस्ट्रार, संकाय सदस्य, स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे, जिससे यह कार्यक्रम सफल एवं प्रभावशाली बना। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. प्रीति





राज एवं डॉ. हरलीन कौर द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन चारुल गुप्ता द्वारा शपथ दिलाकर नशा मुक्त एवं स्वस्थ समाज के निर्माण के सामूहिक संकल्प के साथ किया गया।

# राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत का वार्षिक अधिवेशन आयोजित, झाबरमल अध्यक्ष व बुढ़ानिया मंत्री बने

भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।




राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत उप शाखा नेछावा का वार्षिक अधिवेशन बुधवार को केबी मोर राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय नेछवा में सम्पन्न हुआ । इस अवसर पर प्रवेक्षक महेश गढ़वाल, निर्वाचन अधिकारी गणेश मंडिवाल व विजय सैनी मौजूद रहे ।अधिवेशन में सर्वप्रथम शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई तथा वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई । यह जानकारी देते हुए निवर्तमान अध्यक्ष अशोक कस्वां ने बताया कि अधिवेशन में शिक्षा व्यवस्था की बदहली पर गंभीर चर्चा की गई ।ग्रीष्मकालीन अवकाश कटौती की निंदा की गई। अधिवेशन के अंत में कार्यकारिणी का चुनाव किया जिसमे झाबरमल अध्यक्ष, मुन्नाराम बुड़ानिया मंत्री,ओमप्रकाश रैगर सभाध्यक्ष, बलवीर डोटासरा उपसभाध्यक्ष, मदनलाल, महेंद्र रणवा, अरशद ख़ान, सुभाष काछवा उपाध्यक्ष, धर्मेन्द्र गिठाला संयुक्त मंत्री,मनोहर जांगिड कोषाध्यक्ष, विजय प्रवक्ता, हजारी लाल संघर्ष समिति संयोजक, श्रवण भाटी, मोहन महला, सुरेश, प्रमोद शर्मा, अशोक बिश्नोई संघर्ष समिति सहसंयोजक, भागोती, प्रियंका, सुमन महिला प्रतिनिधि, वरुण शारीरिक शिक्षक प्रतिनिधि, विद्याधर सोशल मीडिया प्रभारी निर्वाचित हुए ।अधिवेशन के बाद ग्रीष्मकालीन अवकाश में कटौती के खिलाफ अतिरिक्त मुख्य सचिव के नाम एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपा ।इस दौरान सुनील ,रोहित , हरिराम पिलानिया ,राकेश जांगिड , रोहिताश, संदीप, बसंत, बलराम , मनोहर सिंह ,हरकरण आदि शिक्षक मौजूद रहें।

### साइबर अपराध और नशा मुक्ति को लेकर फतेहाबाद पुलिस का जागरूकता अभियान तेज

# गाँव अमानी (टोहना) में स्कूली बच्चों को साइबर सुरक्षा, डिजिटल अरेस्ट और स्वस्थ जीवनशैली की दी जानकारी

भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।



**रजत विजय रंगा ।** फतेहाबाद पुलिस द्वारा चलाए जा रहे जन-जागरूकता अभियान के तहत जिला पुलिस लगातार आमजन, विशेषकर स्कूली बच्चों को साइबर अपराधों से बचाव, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, नशा मुक्ति एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर रही है। इसी क्रम में थाना साइबर सेल फतेहाबाद में तैनात महिला सहायक उपनिरीक्षक सुनीता के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा गाँव अमानी (टोहाना) में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों को साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाओं एवं उनसे बचाव के उपायों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। पुलिस टीम ने बच्चों व आमजन को बताया कि आजकल फर्जी कॉल, ओटीपी फ्रॉड, सोशल मीडिया हैकिंग, फेक लिंक एवं अन्य ऑनलाइन ठगी के माध्यम से साइबर अपराधी लोगों को निशाना बना रहे हैं। इस दौरान यह विशेष रूप से समझाया गया कि किसी भी अनजान कॉल, मैसेज या लिंक पर भरोसा न करें तथा अपनी निजी जानकारी, बैंक विवरण या ओटीपी किसी के साथ साझा न करें। कार्यक्रम में 'डिजिटल अरेस्ट' जैसे नए साइबर फ्रॉड के तरीकों के बारे में भी जागरूक किया गया। बताया गया कि ठग स्वयं को पुलिस या सरकारी अधिकारी बताकर वीडियो कॉल के माध्यम से लोगों को डराने-धमकाने का प्रयास करते हैं। ऐसी स्थिति में घबराने की बजाय तुरंत साइबर हेल्पलाइन या नजदीकी पुलिस थाने से संपर्क करने की सलाह दी गई।

इसके साथ ही पुलिस टीम ने युवाओं को नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा सकारात्मक सामाजिक गतिविधियों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। साथ ही यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग करने तथा सुरक्षित ड्राइविंग के महत्व के बारे में भी जागरूक किया गया। उपस्थित लोगों को बताया गया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि परिवार और समाज के लिए भी गंभीर समस्या बनता है। महिला सहायक उपनिरीक्षक सुनीता ने कहा कि साइबर थाना फतेहाबाद आमजन की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है। उन्होंने अपील की कि किसी भी साइबर अपराध की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जा सकें।

# सैनी समाज कर्मचारी एवं अधिकारी विकास संस्था राजस्थान की स्मारिका के छठे संस्करण की प्रति की भेंट

भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।



सैनी समाज कर्मचारी अधिकारी विकास संस्था राजस्थान जयपुर की ओर से बुधवार को महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान में आयोजित गरिमामय कार्यक्रम में संस्था के संरक्षक सेवानिवृत्त राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी ओंकारमल सैनी व अध्यक्ष सुरेश कुमार सैनी रेलवे के नेतृत्व में संस्था की स्मारिका के छठे संस्करण की प्रतियां भेंट की।आयोजित कार्यक्रम में संस्थान अध्यक्ष एडवोकेट अनुभव चंदेल, महामंत्री पूनमचंद कच्छावा,संस्था संरक्षक ओंकारमल सैनी, सुरेश कुमार सैनी सहित हनुमान प्रसाद सैनी, संस्थान प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रविकांत इंदौपिया, दाताराम सैनी, एडवोकेट संजीव कुमार सैनी,पवन कुमार , बाबूलाल सैनी, सोहनलाल सैनी सहित दोनों संगठनों के पदाधिकारी सदस्य मौजूद थे।

# विक्रम ढूकिया का आयकर विभाग में कार्यालय अधीक्षक के पद पर हुआ चयन

भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।



खेड़ी ढूकिया निवासी गोपाल राम ढूकिया के सुपौत्र व रामावतार ढूकिया के सुपुत्र व हमीरपुरा निवासी ओमप्रकाश बुढानिया के भांजे विक्रम ढूकिया का चयन आयकर विभाग में कार्यालय अधीक्षक के पद पर हुआ हैं । विक्रम के आयकर विभाग में चयनित होने पर पारिवारिक सदस्यों, रिश्तेदारों, शुभचिंतकों व सहयोगियों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए बधाई दी है।

# योगेश मीणा बने कांग्रेस पार्टी के प्रदेश महासचिव

### नवनियुक्त महासचिव का मीणा समाज के संगठनों ने किया अभिन्नदन

### योगेश लंबे समय से युवाओं के लिए संघर्षशील है रामस्वरूप मीणा सुरेश मीणा किशोरपुरा

भीम प्रज्ञा न्यूज.जयपुर।



**सुमेर मीणा ।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री आमीन पठान ने डीडवाना कुचामन के शिंभूपुरा निवासी योगेश कुमार मीणा को प्रदेश महासचिव नियुक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष ने उन्हें खेल प्रकोष्ठ एवं पार्टी के हित मे मजबूती से कार्य करने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि योगेश कुमार मीणा पिछले 15साल से पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता है।योगेश ने राजस्थान विश्वविद्यालय मेंnsui से छात्र राजनीतिक शुरू की थी। राजस्थान यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष पद पर चुनाव लड़े। इसके बाद युवा कांग्रेस में नागौर जिले के दो बार उपाध्यक्ष रहे। इस दौरान योगेश ने हरियाणा पंजाब दिल्ली उत्तरप्रदेश सहित समूचे राजस्थान में चुनावों में अपनी महत्ती भूमिका निभाई। आप ने भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी के साथ कश्मीर से कन्याकुमारी तक यात्रा की। गत लोकसभा चुनाव में योगेश मीणा ने जयपुर ग्रामीण से टिकट की भी मांग की थी।हाल ही में योगेश मीणा ने प्रदेश के युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष के पद पर अपनी दावेदारी जताई थी। योगेश मीणा को महासचिव बनाए जाने के बाद बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। बुधवार को जयपुर में नवनियुक्त महासचिव योगेश मीणा का राष्ट्रीय मीणा विकास परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कर्मचारी अधिकारी संगठनों के प्रदेश अध्यक्ष रामस्वरूप मीणा आदिवासी श्री मीन सेना के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश मीणा किशोरपुरा, मशहूर कॉमेडियन एवं फिल्म अभिनेता पन्या सेपट उर्फ दीपक मीणा,लक्ष्मण सिंह शेखावत,पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा, तेजपाल मीणा इत्यादि ने उनका अभिनंदन किया। योगेश ने अपने उद्बोधन में कहा कि पार्टी ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है उसको में निष्ठा से ऊपर तक लेकर जाऊंगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल क्षेत्र में छुपी हुई प्रतिभाओं को आगे लाना मेरा प्रमुख लक्ष्य रहेगा। गरीब ओर असहाय की मदद करना शुरू से मेरी फ़िदरत रही है।

# भैरूपुरा की अमीषा चौधरी का आयकर विभाग में कार्यालय अधीक्षक के पद पर हुआ चयन

भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।



भैरूपुरा निवासी बृजमोहन मूंड की पौत्री व विद्याधर मूंड की पुत्री अमीषा चौधरी का चयन आयकर विभाग में कार्यालय अधीक्षक के पद पर हुआ है। अमीषा के आयकर विभाग में चयनित होने पर पारिवारिक सदस्यों, रिश्तेदारों, शुभचिंतकों व सहयोगियों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए बधाई दी है। अमीषा चौधरी ने अपनी इस सफलता का श्रेय विशेष रूप से अपनी माताजी गीता देवी को दिया, जिनकी प्रेरणा, मार्गदर्शन और सहयोग से यह उपलब्धि हासिल हो सकी।

# शिविरा पंचांग में विद्यालयों के अवकाशों में कटौती आदेश को वापस लेने का ज्ञापन ‘

भीम प्रज्ञा न्यूज.उदयपुरवाटी।



**सुमेर मीणा ।** राजस्थान शिक्षक संथ (सिया राम) ने शिविरा पंचाग 206-27 में ग्रीष्मावकाश व संस्थाप्रधान द्वारा घोषित अवकाश में कटौती को लेकर प्रांतीय आहवान पर कहना है कि राजस्थान की भौगोलिक परिस्थितियों व भीषण गर्मी को देखते हुए जून माह में विद्यालय खोलना पूर्णतया अव्यवहारिक है क्षेत्रीय व स्थानीय उत्सवों एवं आयोजनों में राजकीय अवकाश नहीं होने पर भी वहाँ के शत प्रतिशत बालकों की भागीदारी उसमें रहती है, इसी कारण से संस्था प्रधान द्वारा दो अवकाश घोषित किये जाने का प्रावधान रखागया था, विभाग के अधिकारियों द्वारा इसमें कटौती करना समझ से परे हैं इस ज्ञापन के माध्यम से उपरोक्त आदेश को वापस लेने की मांग की जाती है। गुढा गौड़जी तहसीलदार के माध्यम से ज्ञापन देने वाले पूर्व जिला अध्यक्ष विनोद चौधरी, जिलाउपाध्यक्ष मनेश कुल्हारी ,कार्यकारी अध्यक्ष अमर सिंह महला, विनोद गोदारा, शिवकरण निर्मल बनवारी लाल, ममता खेदड़, मन्नी देवी , डा. संदीप, अनिल रोजरिया प्रकाश औलखा, हरिबक्स पूनिया, आदि शिक्षक उपस्थित रहें।

# सिंघाना: सर्व समाज मनाएगा बाबासाहेब की 135वीं जयंती, 14 अप्रैल को कृष्णा मैरिज गार्डन में भव्य आयोजन

भीम प्रज्ञा न्यूज.सिंघाना।



नगर पालिका क्षेत्र सिंघाना में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती इस वर्ष पूरे हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाई जाएगी। इसको लेकर आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 14 अप्रैल को सायं 4:00 बजे कृष्णा मैरिज गार्डन में भव्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और सर्व समाज के लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। कार्यक्रम का आयोजन अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के प्रदेश कैंप कार्यालय, सिंघाना के तत्वावधान में किया जाएगा। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि यह कार्यक्रम सामाजिक समरसता और एकता का संदेश देगा, जिसमें सभी वर्गों को जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। समारोह में सूरजगढ़ विधायक श्रवण कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर बाबासाहेब के विचारों पर प्रकाश डालेंगे। बैठक की अध्यक्षता पूर्व राज्य मंत्री एवं राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य किशन लाल ज़ैदिया ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. अंबेडकर के विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं और हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज में समानता, शिक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलानी चाहिए। उन्होंने सभी समाजों से अपील की कि वे इस आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लें और इसे ऐतिहासिक बनाएं। कार्यक्रम की रूपरेखा और तैयारियों को लेकर बाबूलाल कालोडिया ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि आयोजन में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, विचार गोष्ठी और सम्मान समारोह जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल बाबासाहेब को श्रद्धांजलि अर्पित करने का अवसर होगा, बल्कि समाज को एकजुट करने का भी माध्यम बनेगा। बैठक में उपस्थित सभी गणमान्य लोगों ने आयोजन को सफल बनाने के लिए अपने सुझाव दिए और सक्रिय सहयोग का भरोसा दिलाया। इस दौरान डी.पी. सैनी, बाबूलाल कालोडिया, रामुतार हलवाई, नरेंद्र शर्मा, छाजूराम सैनी, सत्यवीर गजराज, मैक्स नायक, महावीर प्रसाद सैनी, राजू गराटी, हवा सिंह चौधरी, इकबाल खान, विक्रम सैनी, विनोद नायक, रफीक खान, पिंटू भार्गव, रणजीत, महिपाल मीणा एवं कप्तान रामनिवास सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। अंत में आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचकर बाबासाहेब की जयंती को सफल बनाने की अपील की।

# चिड़ावा में तकनीकी क्रांतिः पढ़ाई के साथ कमाई भी सीखेंगे विद्यार्थी, AI एक्सपर्ट सिखाएंगे गुर

भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।

डिजिटल युग की चुनौतियों को देखते हुए चिड़ावा के ज्ञान सिंधु सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने एक अनूठी पहल की है। स्कूल में आगामी 10 और 11 अप्रैल को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) पर आधारित निःशुल्क लाइव सेमिनार और डेमो क्लास का आयोजन किया जाएगा। इसमें भारत के प्रसिद्ध ह्व मेंटर सौरभ अत्री (हांगकांग) विद्यार्थियों को तकनीक के जरिए आत्मनिर्भर बनने के गुर सिखाएंगे। सेमिनार 10 अप्रैल (दोपहर 2:30 से 5:30) और 11 अप्रैल (सुबह 9:00 से 12:00) तक। इससे कक्षा 9वीं से 12वीं के छात्र एवं रोजगार की तलाश कर रहे युवा को फायदा मिलेगा। ChatGPT स्किल्स, मोबाइल-लैपटॉप से कमाई के तरीके और डिजिटल करियर गाइडेंस के बारे में विस्तार से बतायेंगे। मेधावी विद्यार्थियों के लिए रू10,000 तक की छात्रवृत्ति का प्रावधान। आयोजकों ने बताया कि इस वर्कशॉप का उद्देश्य युवाओं को 50 हजार रुपए से 1 लाख रुपए प्रतिमाह तक कमाने में सक्षम बनाना है। सेमिनार में केवल 30 सीटें सीमित हैं।

# ब्राह्मण गौरव सम्मान समारोह में मेधावी विद्यार्थियों का होगा अभिनंदन

### भाजपा नेता मुकेश दाधीच सहित कई अतिथि करेंगे शिरकत

भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।

**अरुण मूंड ।** स्थानीय ब्राह्मण समाज द्वारा वर्ष 2026 में कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में 90' या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान समारोह विप्र फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम का आयोजन 12 अप्रेल रविवार को दोपहर 1 बजे पीरू सिंह सर्किल स्थित खजाना रेस्टोरेंट सभागार में किया जाएगा। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच रहेंगे जबकि विशिष्ट अतिथि मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अशोक शर्मा होंगे जो मेधावी विद्यार्थियों को ब्राह्मण गौरव सम्मान से सम्मानित करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विप्रफाउंडेशन के जिलाध्यक्ष कमलकांत शर्मा करेंगे। कार्यक्रम के संयोजक उमाशंकर महमिया एवं राकेश सहल ने जानकारी देते हुए बताया कि अब तक कुल 43 विद्यार्थियों के आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। इच्छुक विद्यार्थी 10 अप्रैल तक 9079925571, 9672045888 पर आवेदन कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करना, उनका मनोबल बढ़ाना तथा शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा और जागरूकता को बढ़ावा देना है।

# महवा में अपना घर सेवा समिति का 7वां वार्षिकोत्सव आज, सेवा संकल्प को मिलेगा नया विस्तार

भीम प्रज्ञा न्यूज.महवा।

**मनोज खंडेलवाल ।** 'जहां करुणा की छांव होती है, वहीं इंसानियत का असली ठिकाना होता है '–इसी मानवीय भावना को जीवन्त करते हुए उपेक्षित, पीड़ित, शोषित, विक्षिप्त, संक्रमित, परित्यक्त व असहाय मानवों की सेवा में समर्पित अपना घर सेवा समिति महवा का सातवां वार्षिकोत्सव एवं दायित्व ग्रहण समारोह गुरुवार शाम 6 बजे मंडावर रोड स्थित अवध मैरिज रिजॉर्ट में आयोजित होगा, जहां सेवा के सात वर्षों की तपस्या को समाज के सामने रखा जाएगा और नए दायित्वों के साथ सेवा के इस कारवां को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया जाएगा। समिति के मीडिया प्रभारी गौपुत्र अवधेश अवस्थी ने बताया कि माधुरी बृज सेवा सदन बझेरा भरतपुर के मार्गदर्शन में संचालित यह सेवा अभियान वर्षों से उन लोगों के लिए सहारा बना हुआ है, जिन्हें समाज अक्सर नजरअंदाज कर देता है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल उत्सव नहीं, बल्कि सेवा, संवेदना और सामाजिक जिम्मेदारी के उस संकल्प का प्रतीक है, जिसने 'पीड़ित सेवा ही ईश्वर सेवा' के भाव को धरातल पर उतारा है और यह साबित किया है कि 'दुखियों का दर्द बांटना ही सबसे बड़ा धर्म है। ' कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक राजेंद्र मीणा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे, जबकि अपना घर संस्थान बझेरा भरतपुर के संस्थापक डॉ. बी.एम. भारद्वाज विशेष मार्गदर्शन देंगे। समारोह की अध्यक्षता धारासिंह गुर्जर पीपलखेड़ा करेंगे तथा अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में विनीत बंसल मौजूद रहेंगे। विशिष्ट अतिथियों में राष्ट्रीय संरक्षक परिषद सदस्य वीरपाल सिंह भरतपुर, राष्ट्रीय समिति संयोजक कुसुमलता अग्रवाल, किशोरीलाल गर्ग टुड़ियाना वाले, वृंदावन धाम के संत डॉ. संत हरिहरदास महाराज, रूपसिंह सैनी अध्यक्ष सैनी समाज महवा, निरंजन सोनी भनकपुरा वाले, पूर्व सरपंच भौरीलाल सैनी, दिनेश चंद सोनी पावटा वाले तथा रामदयाल राजेश कुमार करीरी वाले अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष हरि सिंह मीणा, संरक्षक गणेश गोयल, अशोक जैन, वेद प्रकाश गोयल, प्रेमचंद गोयल, अध्यक्ष नेमीचंद गुप्ता खेड़ली वाले, सचिन बृजबल्लभ अग्रवाल सिंधुकी वाले, कोषाध्यक्ष बलवीर सैनी रावड़ी वाले, सहसचिव महेश चंद्र बंसल, उपाध्यक्ष ताराचंद गोयल, अखिलेश चौधरी, पदम बंसल, योगेंद्र गोयल, राजकुमार गोयल, मीडिया व गौसेवा प्रमुख गोपुत्र अवधेश अवस्थी, स्वास्थ्य सेवा प्रमुख श्याम बंसल, सेवा प्रमुख महेश माठा, पर्यावरण मंत्री देवेंद्र सैनी, प्रचार-प्रसार प्रमुख दामोदर साहू, यात्रा प्रमुख नीरज बंसल, शिक्षा प्रमुख प्रदीप चौधरी, महिला प्रमुख श्रीमती अनीता अवस्थी, महिला समिति अध्यक्ष अंजू गोयल, सचिन रेनू गोयल, कोषाध्यक्ष अनुराधा गुप्ता सहित समिति से जुड़े पदाधिकारी, महिला समिति सदस्य व गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे।

# चूरू पुलिस ने ड्रग्स के खिलाफ हेल्पलाइन नंबर किया जारी 'ऑपरेशन नकेल' के तहत नशे के कारोबारियों पर होगी सख्त कार्रवाई

भीम प्रज्ञा न्यूज




**चूरू ।** चूरू पुलिस ने शहर में बढ़ते नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए 'ऑपरेशन नकेल' शुरू किया है। इस अभियान के तहत पुलिस ने नशे के अवैध धंधे में लिप्त लोगों पर कार्रवाई की तैयारी पूरी कर ली है। इसके लिए एक हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया है। पुलिस अधीक्षक निश्चय प्रसाद एम ने बताया कि आमजन अवैध ड्रग्स और नशे से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना हेल्पलाइन नंबर 9950077191 पर दे सकते हैं। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। एसपी निश्चय प्रसाद एम ने बताया कि शहर में चिट्टा और एमडी ड्रग्स का नशा तेजी से फैल रहा है। स्कूल और कॉलेज के युवा इसकी चपेट में आ रहे हैं, जिससे उनका भविष्य खराब हो रहा है। नशे की लत पूरी करने के लिए वे अवैध गतिविधियों में भी शामिल हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि नशे के कारोबारियों पर नकेल कसने के उद्देश्य से 'ऑपरेशन नकेल' शुरू किया गया है। प्राप्त सूचनाओं के आधार पर ड्रग पैडलर्स और नशा बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# 28 वर्षो से बंद पड़े पुस्तकालय फिर से शुरू होने की प्रक्रिया शुरू

### स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने नौ लाख रुपए दिये, वार्ड तीन के पार्षद ने बंद पड़े पुस्तकालय की मांग उठाई थी,

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडी अटेली।

**मनोज बुलाण ।** अटेली कस्बे में 48 साल पहले स्थापित पुस्तकालय 28 वर्षो से बंद पड़े को फिर से शुरू करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। पुस्तकालय के लिए नौ लाख रुपए का टेंडर जारी हो गया है। बंद पड़े पुस्तकालय को शुरू करवाने के लिए कस्बे के वार्ड तीन की पार्षद प्रेमलता के पति बिरेंद्र सिंह ने स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव को इस बारे मे लिखित पत्र दिया था। स्वास्थ्य मंत्री ने संज्ञान लेते हुए त्वरित कार्यवाही करते हुए नौ लाख रुपए जारी करवा दिये है। इससे बंद पड़े पुस्तकालय शुरू करने से बच्चों के साथ लड़के-लड़कियों को इसका भरपूर लाभ मिलेगा। 1970 में लोगों को किताबों, पत्र पत्रिकाओं से जोड़ने के उद्देश्य से पुस्तकालय की स्थापना की गई थी। कस्बे के लोगों ने बताया कि 28 साल पहले अटेली कस्बा ग्राम पंचायत बनने पर यह पुस्तकालय बंद हो गया था। पुस्तकालय के फिर शुरू होने से आमजन को कलम-किताब से जुड़ने व नवयुवकों को प्रतिस्पर्धा करने का अवसर मिलेगा। पुस्तकालय शुरू करने की प्रक्रिया फिर से शुरू होने से कस्बे के लोगों में हर्ष है। पार्षद प्रेमलता, बेद गिरदावर, कस्बा वासी विजय मास्टर, निर्मला देवी, विजय गुप्ता, हिमांशु गोयल, सुनील प्रजापत, प्रमोद बेदी, नवल किशोर, राकेश रोहिल्ला आदि ने मंत्री का आभार प्रकट किया है। मंत्री के पीए विकास यादव, गोविंद गोस्वामी ने बताया कि पहले वाली सामान्य लाइब्रेरी थी, अब जो लाइब्रेरी होगी वह डिजिटल होगी।


# टिहरी झील की लहरों में दिखेगा करतब

## ● प्रदेश में पहली बार ऑल इंडिया पुलिस वाटर स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का आयोजन

**देहरादून (एजेंसी)।** उत्तराखंड के लिए गर्व और रोमांच से भरा एक ऐतिहासिक अवसर आने जा रहा है. उत्तराखंड में पहली बार 25 वीं ऑल इंडिया पुलिस वाटर स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है. यह बहुप्रतीक्षित प्रतियोगिता 8 से 12 अप्रैल तक टिहरी झील स्थित डब्ल्यूएसएआई (वाटर स्पोर्ट्स एंड एडवेंचर इंस्टीट्यूट) आईटीबीपी परिसर में आयोजित होगी।

देश भर की पुलिस और अर्धसैनिक बलों की टीमें इस प्रतियोगिता में अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगी. प्रतियोगिता का औपचारिक शुभारंभ 9 अप्रैल को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा किया जाएगा. इस आयोजन को लेकर राज्य सरकार और सुरक्षा एजेंसियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में असम राइफ़ल्स, सेंट्रल रिज़र्व पुलिस फोर्स ,बॉर्डर सिक्योरिटी बल और आईटीबीबी सहित देशभर की कुल 19 टीमों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे. प्रतियोगिता के दौरान कुल 52 इवेंट्स आयोजित किए जाएंगे, जिनमें कयाकिंग, कैनोइंग, रोइंग और अन्य रोमांचक जल क्रीड़ाएं शामिल हैं।



आईटीबीपी नॉर्दर्न फ्रंटियर के आईजी मनु महाराज ने प्रदेश वासियों से अपील करते हुए कहा कि यह आयोजन उत्तराखंड के लिए गौरव का विषय है. उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाने का आह्वान किया है।

उनका कहना है कि इस तरह के आयोजन न केवल खेलों को बढ़ावा देते हैं, बल्कि राज्य की पर्यटन क्षमता को भी नई पहचान दिलाते हैं. टिहरी झील, जो पहले से ही अपने प्राकृतिक सौंदर्य और एडवेंचर स्पोर्ट्स के लिए जानी जाती है, अब राष्ट्रीय स्तर के इस आयोजन के जरिए देशभर में एक नई पहचान बनाने जा रही है।

प्रतियोगिता के दौरान सुरक्षा, व्यवस्थाओं और खिलाड़ियों की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं. आईटीबीपी को इस आयोजन की पूरी जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिसे लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं. इस आयोजन के जरिए उत्तराखंड को वॉटर स्पोर्ट्स के नक्शे पर मजबूती से स्थापित करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

साथ ही यह प्रतियोगिता युवाओं को जल क्रीड़ाओं की ओर आकर्षित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी. कुल मिलाकर 8 से 12 अप्रैल के बीच टिहरी झील खेल, रोमांच और देशभक्ति के रंग में रंगी नजर आएगी, जहां देश भर के जांबाज अपनी प्रतिभा का जलवा बिखेरते दिखाई देंगे।

# फ़ीडे कैंडिडेट शतरंज का आधा पड़ाव पार

### ● पुरुष वर्ग में सिंदारोव आगे, महिला वर्ग में दिव्या वैशाली के पास है मौका

**साइप्रस (एजेंसी)** ।फ़ीडे कैंडिडेट शतरंज में सातवें राउंड के बाद पुरुष वर्ग में उज़्बेकिस्तान के 20 वर्षीय जावोखीर सिंदारोव 6 अंक बनाकर सबसे आगे चल रहे है , उनका प्रदर्शन इतना शानदार रहा है की दूसरे स्थान पर चल रहे यूएसए के फैबियानो कारुआना उनसे 1.5 अंक पीछे 4.5 पर तो तीसरे स्थान पर काबिज भारत के आर प्रज्ञानन्दा और नीदरलैंड के अनीश गिरी उनसे 2.5 अंक पीछे 3.5 अंकों पर खेल रहे है , ऐसे में अब देखना यह है की जब दूसरे पड़ाव में बचे हुए सात राउंड में यह सभी खिलाड़ी



सिंदारोव के ख़िलाफ़ कैसा प्रदर्शन करते है और क्या विश्व कप से लगातार जारी सिंदारोव के विजय रथ पर अब कोई रोक लगा पाएगा ।एक दिन के विश्राम के पहले सातवें राउंड में चीन के वे यी नें रूस के आंद्रे एसिपेंको को मात देकर अपनी पहली जीत दर्ज की जबकि अन्य बाज़ियों में प्रज्ञानन्दा नें यूएसए के कारुआना से यूएसए के नाकामुरा नें जर्मनी के मैथियास ब्लूबम से और अनीश गिरी नें सिंदारोव से ड्रा खेला ।

महिला वर्ग में फ़िलहाल कोनेरू हंपी के हटने से अंतिम समय में शामिल हुई यूक्रेन की अन्ना मुज़्यचुक 4.5 अंक बनाकर सबसे आगे चल रही है हालांकि लगातार दो जीत के दम पर भारत की आर वैशाली 4 अंक बनाकर दूसरे तो दिव्या देशमुख एक जीत और एक ड्रा खेलने के बाद 3.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर पहुँच गई है ।वैशाली नें सातवें राउंड में चीन की पूर्व विश्व चैंपियन तान झोंगयी को पराजित किया ।

# बारिश की भेंट चढ़ा कोलकाता-पंजाब मैच

### ● केकेआर बुरी तरह हारने से बची, दोनों टीमों को मिला एक-एक अंक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 का 12वां मुकाबला बारिश की भेट चढ़ गया। यह मैच कोलकाता नाइट राइडर्स और पंजाब किंग्स के बीच कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में चल रहा था।चक्रने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया था। मुकाबले की पहली पारी में बैटिंग करने मैदान में उतरी टीम 3.4 ओवर ही खेल पाई थी कि बारिश के चलते मैच को रोकना पड़ा गया। टीम ने 2 विकेट के नुकसान पर 25 रन बनाए थे। क्रीज पर मौजूद अजिंक्य रहाणे 6 गेंदों में 08 रन और अंगकृष रघुवंशी ने 7 गेंदों में 07 रन बना कर खेल रहे थे। कोलकाता और पंजाब किंग्स के मैच में बारिश रुक गई



थी। मगर कट-ऑफ टाइम तक खेल चालू नहीं हो पाया था जिसके कारण फैसला कैसे होगा आपके दिमाग में यह सवाल उठ रहा होगा? तो यहां जान लीजिए इसको लेकर बीसीसीआई का पूरा नया नियम क्या है? कट-ऑफ टाइम यानी रात 11 बजकर 14 मिनट तक मैच शुरू नहीं हो पाया है इसलिए यह मैच रद्द कर दिया गया। अगर कट-ऑफ टाइम में मैच शुरू हो जाता तो कोलकाता और पंजाब के बीच 5-5 ओवर का मैच होता। चक्रतीसरा ओवर (3.4) खेल रही थी। कट-ऑफ टाइम के हिसाब से कोलकाता को 8 गेंदे खेलने को और मिलती ऐसे में टीम को बड़ा नुकसान उठाना पड़ता। मैच रद्द होने के बाद दोनों टीमों को एक-एक अंक दे दिया गया है। मुकाबले में बारिश ने खलल डाला तो कोलकाता को फायदा हो गया। क्योंकि टीम ने जिस तरह की शुरुआत की थी उससे हारना तय था। पंजाब किंग्स के अब 5 पॉइंट्स हो गए हैं और वह टेबल के टॉप पर पहुंच गई है। बता दें, पंजाब किंग्स अब तक एक भी मैच नहीं हारी है।

**एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप**

# प्रीति, प्रिया और अरुंधति फाइनल में पहुंचीं

### ● अब तक चार बॉक्सर फाइनल में, निखत जरीन और लवलीना टूर्नामेंट से बाहर

**मंगोलिया (एजेंसी)।** मंगोलिया के उलानबटोर में चल रही एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2026 में भारत के लिए सोमवार का दिन मिला-जुला रहा। प्रीति पवार, प्रिया और अरुंधति चौधरी ने अपने-अपने सेमीफाइनल मुकाबले जीतकर फाइनल में जगह बना ली है। अब तक भारत की चार मुक्केबाज फाइनल में पहुंच चुकी हैं। प्रीति पवार ने पेरिस ओलिंपिक की ब्रॉन्ज मेडलिस्ट को एकतरफा मुकाबले में हराकर गोल्ड मेडल की उम्मीद मजबूत कर दी है। वहीं, निखत जरीन और लवलीना बोरगोहेन को सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा, जिससे उन्हें ब्रॉन्ज मेडल से ही संतोष करना पड़ा।



**प्रीति ने पेरिस ओलिंपिक मेडलिस्ट को शिकस्त दी-** 54 केजी वेट कैटगिरी में प्रीति पवार ने पेरिस ओलिंपिक की ब्रॉन्ज मेडलिस्ट कोरिया की एजी इम को 5-0 से हराया। वर्ल्ड बॉक्सिंग कप की गोल्ड मेडलिस्ट प्रीति ने तीनों राउंड में अपना नियंत्रण बनाए रखा और विपक्षी खिलाड़ी को कोई मौका नहीं दिया। अब फाइनल में उनका मुकाबला चीनी ताइपे की हुवांग ह्सियाओ-वेन से होगा, जो तीन बार की वर्ल्ड चैंपियन और टोक्यो ओलिंपिक की ब्रॉन्ज मेडलिस्ट हैं।

प्रीति पवार ने पेरिस ओलिंपिक की ब्रॉन्ज मेडलिस्ट को हरा कर एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप के फाइनल में अपना स्थान पक्का किया।

**प्रिया और अरुंधति भी फाइनल में- गोल्ड के लिए भिड़ेंगी-** 60 किलोग्राम वेट कैटगिरी में प्रिया ने स्थानीय खिलाड़ी मंगोलिया की नामून मोंखोर को 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से हराया। अब वे फाइनल में उत्तर कोरिया की उन ग्योंग वॉन से भिड़ेंगी। वहीं, 70 किलोग्राम कैटेगरी में अरुंधति चौधरी ने उज्बेकिस्तान की ओयशा तोइरोवा को 4-1 से हराया। फाइनल में उनका सामना कजाकिस्तान की बकित सेदिश से होगा। 60 किलोग्राम वेट कैटगिरी में प्रिया नेमंगोलिया की नामून मोंखोर को 5-0 से हराकर एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप के फाइनल में अपना स्थान पक्का किया।

### बिजली कटने से अंकुशिता बोरो को अंकों के आधार पर हार मिली

65 किलोग्राम वेट में अंकुशिता बोरो और चीनी ताइपे की निएन-चिन चेन के बीच मैच के दौरान पहले राउंड के बाद बिजली गुल हो गई। काफी देर तक बाधा रहने के कारण मैच का फैसला पॉइंट्स के आधार पर किया गया, जिसमें अंकुशिता को 0-3 से हार का सामना करना पड़ा।

**आज दो कैटगिरी का सेमीफाइनल-** चैंपियनशिप के अगले दौर में 7 अप्रैल को भारत की दो और मुक्केबाज (48केजी और 57केजी कैटेगरी) अपने सेमीफाइनल मुकाबले खेलेंगी।

# सट्टेबाजी का दबाव खिलाड़ियों को तोड़ रहा

### ● टारगेट पूरे करने के लिए एथलीट्स को परिजनों की हत्या की धमकी, अपशब्दों की बौछार

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** एक कॉलेज बास्केटबॉल खिलाड़ी मैच शुरू होने से पहले अपना मोबाइल खोलता है। स्क्रीन पर अजनबी का संदेश दिखता है, 'सुनो, यह मजाक नहीं है। अगर तुमने आज 22 पॉइंट्स व 12 बाउंड्स नहीं बनाए, तो




तुम्हारे सभी करीबी मार दिए जाएंगे।' यह डरावना संदेश किसी फिल्म की पटकथा नहीं, बल्कि 2024 के एनसीएए (नेशनल कॉलेजिएट एथलेटिक एसोसिएशन) की स्टडी का हिस्सा है। उस खिलाड़ी ने अभी कोर्ट पर कदम भी नहीं रखा था, न ही कोई शॉट मिस किया था। उसका कसूर सिर्फ इतना था कि सट्टेबाजी की दुनिया में उसकी काबिलियत पर 'दांव' लगा था। हालांकि वह मैदान में उतरा और स्वाभाविक खेलने की कोशिश भी की। एक्सपर्ट कहते हैं, हम इस समय 'मार्च मैडनेस' के बीच में हैं- जो अमेरिकी खेलों में सबसे अधिक सट्टेबाजी वाला आयोजन है।

अनुमान है कि अकेले इस साल के टूर्नामेंट पर 25 हजार करोड़ रुपए दांव पर लगे हैं। हार्वर्ड बिजनेस स्कूल की प्रोफेसर और मनोवैज्ञानिक एमी कडी कहती हैं, 'आज के एथलीट सिर्फ शारीरिक थकान से नहीं, बल्कि नए मनोवैज्ञानिक खतरे से जूझ रहे हैं, जिसे 'सोशल-इवैल्यूएटिव थ्रेट' (सामाजिक परख का खतरा) कहते हैं।

# इंटरनेशनल लेवल पर इंडिया को रिप्रेजेंट करेंगी रश्मिका मंदाना



फिल्मों में अपनी शानदार एक्टिंग से बॉलीवुड और साउथ में अपना नाम कमाने वाली एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना अब इंटरनेशनल लेवल पर एक बार फिर इंडिया को प्रस्तुत करने वाली हैं। बता दें कि रश्मिका मंदाना 'एनिमल' और 'पुष्पा' जैसी सुपरहिट फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। रश्मिका मंदाना अब इंटरनेशनल लेवल पर इंडिया को प्रस्तुत करने की तैयारी में हैं। खबर है कि वह इस साल टोक्यो में होने वाले ग्लोबल एनीमे अवॉर्ड्स में बतौर प्रेजेंटर नजर आएंगी। यह बड़ा इवेंट 23 मई को जापान के टोक्यो शहर में आयोजित किया जाएगा। खास बात यह है कि रश्मिका इससे पहले भी 2024 में इस अवॉर्ड शो का हिस्सा रह चुकी हैं और उस समय वह ऐसा करने वाली पहली भारतीय प्रेजेंटर बनी थीं। रश्मिका ने खुद इस खबर को इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने लिखा कि वह एक बार फिर जापान जाकर एनीमे से जुड़े टैलेंटेड लोगों के साथ इस खास मौके को सेलिब्रेट करने के लिए बेहद एक्साइटेड हैं। बता दें कि एनीमे अवॉर्ड्स दुनियाभर के कलाकारों, क्रिएटर्स और एनीमे लवर्स को एक साथ लाने वाला बड़ा प्लेटफॉर्म है, जहां बेहतरीन काम को सम्मानित किया जाता है। रश्मिका का एनीमे और जापान से खास कनेक्शन भी रहा है। 2024 में पहली बार जापान जाने का उनका सपना पूरा हुआ था और तब उन्होंने इस अनुभव को अपने करियर के सबसे खास पलों में से एक बताया था। वर्कफ्रंट की बात करें तो रश्मिका 'रणबाली' और 'कॉकटेल 2' में नजर आएंगी। 'कॉकटेल 2' फिल्म 19 जून 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में उनके साथ शाहिद कपूर और कृति सेनन लीड रोल में होंगी। वहीं रणबाली 11 सितंबर, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इसमें रश्मिका अपने पति विजय देवरकोंडा के साथ नजर आएंगी।




# पत्नी ऐश्वर्या के करियर से तुलना पर अभिषेक बच्चन की दो-टूक

अभिषेक बच्चन के बॉलीवुड करियर को 26 साल हो चुके हैं। अपने करियर में उन्होंने अलग-अलग तरह के किरदार निभाए हैं। लेकिन वह ऐसे परिवार में आते हैं, जहां तीन बड़े नामी स्टार मौजूद हैं। पिता अमिताभ बच्चन सदी के महानायक हैं। मां जया बच्चन एक उम्दा अभिनेत्री रही हैं। वहीं पत्नी ऐश्वर्या विश्व सुंदरी और बॉलीवुड की सबसे हिट एक्ट्रेस में शामिल रही हैं। अक्सर ही अभिषेक बच्चन के करियर की तुलना उनकी पत्नी के करियर से होती है। हाल ही में इस मुद्दे पर अभिषेक ने फिर मन की बात कही है। लीली सिंह के पॉडकास्ट में अभिषेक बच्चन से पूछा गया कि शादी के बाद ज्यादा सफल पार्टनर के साथ रहने पर कुछ लोग असुरक्षित महसूस करते हैं। इस पर अभिषेक कहते हैं, 'मैं ऐसा इंसान नहीं हूं जो सिर्फ इसलिए जीतना चाहता हो क्योंकि किसी और ने हार मान ली। मुझे बचपन से यही सिखाया गया है कि आपको अपनी जीत खुद कमानी पड़ती है।' वह आगे कहते हैं, 'मेरी सोच ऐसी ही है। मैं किसी ऐसी पार्टनरशिप या शादी में नहीं रहना चाहता हूं, जहां मेरी पत्नी को कोई काम करना इसलिए बंद करना पड़े क्योंकि मुझे खुद को ज्यादा मर्द जैसा महसूस कराना है। शुक्र है कि मेरी पत्नी भी ऐसी ही है, जो इस तरह से नहीं सोचती हैं।' पिछले साल फिल्म 'आई वांट टू टॉक' और 'कालीधर लापता' में अभिषेक बच्चन ने एक लीक से हटकर किरदार निभाकर था। इस साल वह शाहरुख खान की फिल्म 'किंग' में नेगेटिव रोल निभाएंगे। यह फिल्म इस साल क्रिसमस के मौके पर रिलीज होगी।





## रामायण में भगवान परशुराम के रोल में भी दिखेंगे रणबीर



एक्टर रणबीर कपूर ने कन्फर्म किया है कि वह फिल्म रामायण में भगवान राम के साथ भगवान परशुराम के किरदार में भी दिखेंगे। लॉस एंजेलिस में दिए इंटरव्यू में जब रणबीर से सवाल पूछा गया कि वह भगवान राम और परशुराम जैसे दो अलग-अलग स्वभाव वाले किरदारों को बॉडी लैंग्वेज और आवाज से कैसे अलग दिखा रहे हैं तो उन्होंने कहा कि भगवान विष्णु के कई अवतार रहे हैं, जिनमें भगवान राम एक अवतार हैं, जबकि उनसे पहले भगवान परशुराम भी अवतार थे। रणबीर ने कहा कि भगवान राम का किरदार निभाने का मौका मिलना ही बड़ी बात थी, लेकिन साथ ही भगवान परशुराम का रोल निभाना उनके लिए और भी खास अनुभव रहा। उन्होंने आगे कहा कि एक एक्टर के रूप में केवल बॉडी लैंग्वेज ही नहीं, बल्कि रोल की आध्यात्मिकता और उसकी भावनाओं को गहराई से समझना जरूरी होता है।



## हुमा कुरैशी की चमक के कायल हुए हॉलीवुड निर्देशक जैक स्नाइडर, बताया बेहतरीन एक्ट्रेस

मशहूर हॉलीवुड निर्देशक जैक स्नाइडर ने अभिनेत्री हुमा कुरैशी की जमकर तारीफ की। उन्होंने हुमा को फिल्म 'आर्मी ऑफ द डेड' में काम करने वाले सबसे अच्छे कलाकारों में से एक बताया। जैक स्नाइडर ने मंगलवार को हुमा कुरैशी की तस्वीर इंस्टाग्राम पर पोस्ट की। इस पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'हुमा कुरैशी उन बेहतरीन अभिनेत्री में से एक हैं, जिनके साथ मुझे 'आर्मी ऑफ द डेड' में काम करने का अवसर मिला। टैलेंट, स्क्रीन पर मौजूदगी और जबरदस्त चमक थी।' मनोरंजन जगत के कलाकारों ने भी जैक के पोस्ट पर प्रतिक्रिया दी। अभिनेत्री हुमा कुरैशी ने लिखा, 'आप सबसे बढ़िया हैं... बॉस।' फराह खान ने लिखा, 'अरे वाह।' 'आर्मी ऑफ द डेड' स्नाइडर की बनाई एक कहानी पर आधारित है। फिल्म की कहानी कुछ सैनिकों के एक ग्रुप के इर्द-गिर्द घूमती है, जो जॉम्बी के कहर के दौरान लास वेगास के एक कसीनो में डकैती की योजना बनाते हैं। स्नाइडर ने 'आर्मी ऑफ द डेड' का आइडिया अपनी 2004 में आई पहली फिल्म 'डॉन ऑफ द डेड' की अगली कड़ी के तौर पर सोचा था। इस फिल्म में कई बड़े एक्टर्स ने काम किया है, जिनमें डेव बॉतिस्ता, एला पर्नेल, ओमारी हार्डविक, एना डे ला रेग्वेरा, थियो रॉसी, मैथियास श्वेघोफर, नोरा अर्नेजेडर, हिरोयुकी सनाडा, टिग नोटारो, राउल कैस्टिलो, हुमा कुरैशी और गैरेट डिलाहंट शामिल हैं। अभिनेत्री हुमा कुरैशी जल्द ही 'टॉक्सिक: ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप' में नजर आएंगी। गैंगस्टर एक्शन-ड्रामा है, जिसे गीतु मोहनदास ने डायरेक्ट किया है। यश ने खुद स्क्रिप्ट लिखी है और लीड रोल में हैं। फिल्म में नयनतारा, कियारा आडवाणी, हुमा कुरैशी, रुक्मिणी वसंत और तारा सुतारिया अहम किरदारों में नजर आएंगी। फिल्म की रिलीज पहले 19 मार्च 2026 को रिलीज किया जाना था, लेकिन केवियन प्रोडक्शंस और मॉन्स्टर माइंज क्रिएशंस ने अपने प्रमुख डिस्ट्रीब्यूशन पार्टनर 'फार्स फिल्म्स' के परामर्श पर इसे वैश्विक स्तर पर स्थगित कर दिया था। अब फिल्म को 4 जून 2026 को प्रदर्शित किया जाएगा।



# 'क्वीन 2' में कंगना रनोट नजर आएंगी, अप्रैल के आखिर तक शुरू होगी शूटिंग

कंगना रनोट की फिल्म 'क्वीन' के सीक्वल की तैयारी शुरू हो गई है। रिपोर्ट में दावा किया गया कि कंगना और डायरेक्टर विकास बहल 'क्वीन 2' की शूटिंग अप्रैल के अंत तक शुरू करेंगे। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया कि फिल्म की कहानी पहली फिल्म का सीधा सीक्वल नहीं होगी, बल्कि यह खुद को खोजने और आत्मनिर्भरता के विषयों को दिखाएगी। इस बार कंगना का किरदार रानी छोटे शहर की नहीं, बल्कि शहर में रहने वाली लड़की होगी। कहानी में रानी एक ऐसी स्थिति का सामना करेगी, जो उसे खुद को खोजने के सफर पर ले जाएगी। फिल्म में दिखाया जाएगा कि वह अपनी पहचान, समझ और हिम्मत से जिंदगी की मुश्किलों का सामना कैसे करती है। इस बार उसका सफर उसे भारत के अलग-अलग शहरों में ले जाएगा।

फिल्म में कंगना के अलावा पहली फिल्म के कलाकार जैसे राजकुमार राव और लीजा हेडन नजर नहीं आएंगे। बताया जा रहा है कि सपोर्टिंग रोल्स के लिए थिएटर कलाकारों को चुना गया है। शूटिंग की शुरुआत मुंबई के एक स्टूडियो में होगी, जहां उत्तर भारतीय शहर और रानी के घर के सेट तैयार किए जाएंगे। इसके बाद टीम अन्य मेट्रो शहरों में शूटिंग करेगी। फिल्म की शूटिंग लगभग तीन महीने में पूरी की जाएगी। 'क्वीन' (2014) को फैंटम फिल्म्स और वायकॉम18 मोशन पिक्चर्स ने प्रोड्यूस किया था। फैंटम फिल्म्स के 2018 में बंद होने के बाद, 'क्वीन 2' को विकास बहल अपने बैनर तले बना रहे हैं। वे फिल्म के राइटर भी हैं। इस फिल्म के बाद कंगना रनौत 'तनु वेड्स मनु 3' की शूटिंग शुरू करेंगी, जिसका डायरेक्शन आनंद एल राय करेंगे।

# 'कॉल मी बे' के दूसरे सीजन में नजर आएंगी

**अनन्या पांडे फिल्मों के अलावा सीरीज का भी हिस्सा बन रही हैं। अपनी अपकमिंग एक सीरीज की शूटिंग एक्ट्रेस ने खत्म कर ली है। अनन्या पांडे ने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट पर अपकमिंग सीरीज की शूटिंग खत्म होने की जानकारी दी। सीरीज की शूटिंग खत्म होने का जश्न भी मनाया है।**



अनन्या पांडे जल्द ही सीरीज 'कॉल मी बे' के दूसरे सीजन में नजर आएंगी। इस सीरीज में वह एक स्टाइलिश लड़की के रोल में हैं, जिसकी लाइफ में कई दिक्कतें आती हैं लेकिन वह अपने ही अलग अंदाज में इनका हल तलाश लेती है। इस सीरीज में अनन्या पांडे के साथ इस बार श्रुति हासन भी नजर आएंगी। 'कॉल मी बे 2' को करण जौहर ने प्रोड्यूस किया है। इससे पहले भी अनन्या पांडे करण जौहर प्रोडक्शन के कई प्रोजेक्ट्स कर चुकी हैं। 'कॉल मी बे 2' के अलावा अनन्या पांडे एक फिल्म 'चांद मेरा दिल' भी कर रही हैं। यह फिल्म इसी साल रिलीज होगी।



# पीरियड एक्शन ड्रामा फिल्म 'उग्रयुद्धम' में नजर आ सकती हैं सप्तमी गौड़ा

सप्तमी गौड़ा ने अपने करियर की शुरुआत डायरेक्टर सूरी की फिल्म 'पॉपकॉर्न मंकी टाइगर' से की थी। इसके बाद उन्हें ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कांतारा' से बड़ी पहचान मिली। इस फिल्म के बाद उन्होंने हिंदी और तेलुगु फिल्मों में भी काम करना शुरू कर दिया है। अब उनकी अगली फिल्म को लेकर बड़ी अपडेट सामने आ रही है।

### 500 साल पहले की कहानी पर होगी फिल्म

एक्ट्रेस सप्तमी गौड़ा जल्द ही एक्टर श्रीमुरली के साथ आने वाली पीरियड एक्शन ड्रामा फिल्म 'उग्रयुद्धम' में नजर आ सकती हैं। फिलहाल इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन इंडस्ट्री सूत्रों के मुताबिक सप्तमी को इस फिल्म में फीमेल लीड के तौर पर कास्ट किया गया है। इस फिल्म को डेब्यू डायरेक्टर पुनीत रुद्रनाग डायरेक्ट कर रहे हैं, वहीं इसे जयाराम देवसमुद्रा सुरम मूवीज के बैनर तले प्रोड्यूस कर रहे हैं। फिल्म बड़े स्तर पर बनाई जा रही है और इसमें इतिहास और फिक्शन देखने को मिलेगा। कहानी लगभग 500 साल पहले के समय पर आधारित बताई जा रही है।

### श्रीमुरली ने 'उग्रयुद्धम' को बताया ड्रीम प्रोजेक्ट

यह पहली बार होगा जब सप्तमी गौड़ा और श्रीमुरली एक साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। श्रीमुरली ने 'उग्रयुद्धम' को अपना ड्रीम प्रोजेक्ट बताया है और अपने किरदार के लिए वह खास तैयारी भी कर रहे हैं। खबर है कि वह इस फिल्म में एक नए लुक में नजर आएंगे, जो फिल्म के ऐतिहासिक माहौल के मुताबिक होगा। फिलहाल सप्तमी के रोल को लेकर ज्यादा जानकारी अभी सामने नहीं आई है। हाल ही में 'द राइज ऑफ अशोका' में नजर आने के बाद 'उग्रयुद्धम' उनकी फिल्मों की लिस्ट में एक बड़ा प्रोजेक्ट मानी जा रही है। फिल्म की टेक्निकल टीम में सिनेमैटोग्राफर संकेथ (मैसूर), आर्ट डायरेक्टर अमर और वीएफएक्स का काम निर्मल कुमार संभाल रहे हैं, जो 'सलार' में अपने काम के लिए जाने जाते हैं।

# मैं ज्यादा स्क्रीन टाइम के लिए नहीं लड़ती, जो मौका मिलता है उसका फायदा उठाती हूं

एक्शन-क्राइम ड्रामा वेब सीरीज 'कप्तान' ओटीटी पर स्ट्रीम हो रही है। यह सीरीज ज्वालाबाद शहर में एसएसपी समरदीप सिंह की कहानी पर आधारित है। इसमें साकिब सलीम के अलावा सिद्धार्थ निगम, कविता कौशिक और अंजुम शर्मा जैसे मंझे हुए कलाकार नजर आ रहे हैं। सीरीज में कविता कौशिक ने डीएसपी प्रीत का रोल निभाया है, जो एक सख्त महिला पुलिस अधिकारी होती है। अभिनेत्री का कहना है कि उन्हें पुलिस के किरदार में ढलने में ज्यादा दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ा था। अभिनेत्री ने हाल ही में बातचीत की, जिसमें उन्होंने अपने किरदार के ढलने की प्रक्रिया पर जोर देते हुए कहा, 'मुझे अपने किरदार के लिए ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ी थी क्योंकि मेरा बैकग्राउंड ही पुलिस से जुड़ा हुआ है। मेरे पिता एक पुलिस अधिकारी थे। बचपन से हम उसी माहौल में बड़े हुए हैं। इसलिए यह भूमिका मेरे लिए स्वाभाविक लगी। चाहे चंद्रमुखी चौटाला का किरदार हो या फिर डीएसपी प्रीत, पुलिस वाली बात मेरी परफॉर्मेंस में अपने आप दिख जाती है। कविता ने आगे बातचीत में पूरी टीम की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा, 'हमारे पास बहुत अच्छा डायरेक्टर, शानदार प्रोड्यूसर्स और एक बेहतरीन प्लेटफॉर्म है। हमारी कास्ट भी कमाल की है। सब कुछ मुझे सही लगा था, यही कारण है कि सीरीज के लिए हां कहना बहुत आसान हो गया था।' अभिनेत्री ने मुश्किल शूट के बारे में बात करते हुए कहा, 'सच कहूं, तो मुझे सीन शूट करने में दिक्कत नहीं हुई। अगर मैं मुश्किल कहूंगी तो यह अन्य कलाकारों के साथ नाइंसाफी होगी। वे बहुत कठिन हालात में भी फिट रहते हुए जबरदस्त एक्शन सीन कर रहे थे। उनका अनुशासन और समर्पण देखकर मैं प्रेरित हुई। मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा। मेरी भूमिका उनकी तुलना में काफी आरामदायक थी।' अक्सर पुलिस ड्रामा में महिला अधिकारियों को कम महत्व दिया जाता है। इस पर कविता ने बेबाकी से कहा, 'मैंने अपने करियर में कभी खुद को नजरअंदाज महसूस नहीं किया। मुझे जो मौका मिलता है, उसका पूरा फायदा उठाती हूं। मैं ज्यादा स्क्रीन टाइम के लिए नहीं लड़ती। मेरा फोकस अपने काम के असर पर रहता है।'



# 'रणबाली' से लेकर 'कॉकटेल 2' में नजर आएंगी रश्मिका मंदाना



**शादी के बाद रश्मिका मंदाना कई बड़ी बजट की फिल्मों में नजर आने वाली हैं। इस लिस्ट में 'रणबाली' से लेकर 'एनिमल पार्क' और 'कॉकटेल 2' जैसी कई फिल्में शामिल हैं। इन फिल्मों में एक्शन, रोमांस और थ्रिलर देखने को मिलेगा। रश्मिका मंदाना इन सभी फिल्मों के जरिए अलग-अलग तरह के किरदार निभाने वाली हैं। दर्शक इन फिल्मों की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।**

### 'मैसा'




'मैसा' एक तेलुगु एक्शन ड्रामा फिल्म है। इसमें रश्मिका मंदाना मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म में रश्मिका एक गोंड जनजाति की महिला का किरदार निभा रही हैं। उनका किरदार बहुत बेबाक, जोशीला, साहसी और मजबूत इच्छाशक्ति वाला है। इस फिल्म का निर्देशन रवींद्र पुल्ले कर रहे हैं। यह फिल्म गोंड जनजाति की संस्कृति और परंपराओं पर आधारित एक भावनात्मक एक्शन थ्रिलर है।

### 'रणबाली'

'रणबाली' एक तेलुगु फिल्म है। इसमें रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा मुख्य भूमिकाओं में हैं। विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना की शादी के बाद यह उनकी पहली फिल्म साथ में होगी। 'रणबाली' की कहानी 18वीं सदी की है। यह रायलसीमा क्षेत्र के एक बहादुर स्वतंत्रता सेनानी की कहानी है, जो ब्रिटिश राज के खिलाफ लड़ता है। रश्मिका इस फिल्म में विजय की पत्नी जयम्मा का किरदार निभा रही हैं।

### 'पुष्पा 3 : द रैम्पेज'




'पुष्पा 3 : द रैम्पेज' सुपरहिट 'पुष्पा' सीरीज की तीसरी फिल्म है। रश्मिका मंदाना एक बार फिर श्रीवल्ली के रोल में वापसी करेंगी। अल्लू अर्जुन फिर से 'पुष्पा' के किरदार में नजर आएंगे। इस फिल्म में पिछले भागों से भी ज्यादा एक्शन, रोमांस और रोमांच देखने को मिलेगा।

### AA22×A6

AA22×A6 एक तेलुगु फिल्म है। इसमें दीपिका पादुकोण और अल्लू अर्जुन साथ काम कर रहे हैं। फिल्म का निर्देशन प्रसिद्ध निर्देशक एटली कर रहे हैं। कहानी एक दिव्य योद्धा (अल्लू अर्जुन) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अराजकता से लड़ता है और पूरे ब्रह्मांड को बचाने का मिशन लेता है।

### 'एनिमल पार्क'

'एनिमल पार्क' 2023 की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'एनिमल' की सीक्वल है। 'एनिमल पार्क' की शूटिंग 2027 में शुरू होने की उम्मीद है। इस फिल्म का निर्देशन संदीप रेड्डी वांगा कर रहे हैं। इसमें रणबीर कपूर दो हमशक्ल किरदारों में नजर आएंगे। रश्मिका मंदाना अपनी पिछली भूमिका गीतांजलि (रणविजय सिंह की पत्नी) को फिर से निभाती नजर आएंगी।

### 'कॉकटेल 2'

'कॉकटेल 2' एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। फिल्म 'कॉकटेल 2' में एक अनोखी और अलग तरह की प्रेम कहानी दिखाई जाएगी। रश्मिका मंदाना, शाहिद कपूर और कृति सेनन मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन होमी अदजानिया कर रहे हैं।



# फतेहाबाद पुलिस की बड़ी कार्यवाही: टोहाना में घर का ताला तोड़कर लाखों की चोरी करने वाला आरोपी काबू

## थाना शहर टोहाना पुलिस ने गीता कॉलोनी निवासी 'दीपक उर्फ राजू' को दबोचा; चोरीशुदा आभूषण और नकदी की बरामदगी के प्रयास जारी

### पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देशों पर चोरी की वारदातों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान को मिली सफलता

**भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।**

**रजत विजय रंगा ।** फतेहाबाद पुलिस द्वारा चोरी की वारदातों को सुलझाने और अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत, थाना शहर टोहाना पुलिस ने एक बड़ी चोरी की गुत्थी सुलझाते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान दीपक उर्फ राजू पुत्र सुशील उर्फ



जेली, निवासी गीता कॉलोनी, टोहाना के रूप में हुई है। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरिक्षक कुलदीप ने जानकारी देते हुए बताया कि यह मामला 15 दिसंबर 2025 को दर्ज किया गया था, जब वार्ड नंबर 14, एकता नगर निवासी कुलदीप सिंह ने पुलिस को शिकायत दी थी कि 14 दिसंबर 2025 की शाम को वे अपने परिवार सहित जागरण में गए थे और घर पर ताला लगा हुआ था। अगली सुबह जब वे लौटे, तो घर के ताले टूटे हुए थे और अंदर का सामान बिखरा पड़ा था।अज्ञात चोर घर से सोने का लोकेट, डेढ़ तोले के दो सोने के मंगलसूत्र, 500 ग्राम चांदी की तीन जोड़ी पायलें और 50,000 रुपये की नकदी चोरी कर ले गए थे। मामले में शिकायत प्राप्त होने पर थाना शहर टोहाना में अभियोग संख्या 412/2025 धारा 305/331(4) BNS के तहत मामला दर्ज किया गया । पुलिस टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्यों व खुफिया सूत्रों का उपयोग करते हुए आरोपी दीपक उर्फ राजू को काबू कर लिया। आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मामले की आगामी जांच जारी है।

**फतेहाबाद पुलिस का संदेश:**

पुलिस अधीक्षक ने नागरिकों से अपील की है कि वे लंबी अवधि के लिए घर से बाहर जाते समय कीमती आभूषणों और नकदी को घर पर न छोड़ें, बल्कि बैंक लॉकर या अन्य सुरक्षित स्थानों पर रखें। उन्होंने कहा कि फतेहाबाद पुलिस चोरी की हर वारदात का पर्दाफाश करने के लिए संकल्पबद्ध है।

# पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह की सद्भाव यात्रा को मिल रहा है पूरा समर्थन -सीमा बहादुर कालका

**भीम प्रज्ञा न्यूज.कालका/टोहाना।**

**रजत विजय रंगा ।** पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह ने जो हरियाणा में सद्भाव यात्रा शुरू कर रखी है उस यात्रा को पूरे हरियाणा के हर क्षेत्र में पूरा समर्थन व मान सम्मान मिल रहा है यह बात कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री व समाजसेविका सीमा बहादुर कालका ने विशेष वार्ता में कहीं उन्होंने कहा कि यात्रा हरियाणा के जिस भी क्षेत्र में जाती है वहां की जनता पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह व जो यात्रा में साथ चल रहे हैं उनका जोरदार स्वागत कर रही है उन्होंने कहा कि इस यात्रा से हरियाणा कांग्रेस में काफी बदलाव आएगा



और जो कार्यकर्ता मायूस होकर घर बैठ गए थे सीमा बहादुर कालका ने कहा कि वह सभी कार्यकर्ता अब बड़े जोर शोर से यात्रा में हिस्सा ले रहे हैं और कांग्रेस की नीतियों का प्रचार कर रहे हैं सीमा बहादुर कालका ने बताया कि इस यात्रा का मकसद जो मौजूदा सरकार कि गलत नीतियों है उन गलत नीतियों को जनता तक पहुंचना है इस यात्रा में काफी संख्या में लोग चल रहे हैं और जी क्षेत्र में जाते हैं वहां के कांग्रेस के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता इस यात्रा का स्वागत करते हैं इस यात्रा में विशेष रूप से पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी वीरेंद्र सिंह जी भी यात्रा में पैदल चल रहे हैं।

# श्रद्धापूर्वक मनाई गई पूर्व सांसद पन्ना लाल बारूपाल की 114 वीं जन्म जयंती

**भीम प्रज्ञा न्यूज.बीकानेर।**

**सोहनलाल परिहार ।** स्वतंत्रता सेनानी एवँ 1952 से 1977 तक लगातार 25 वर्ष लोकसभा सांसद रहे,स्वर्गीय पन्ना लाल बारूपाल की 114 वीं जयंती सोमवार को उनके प्रतिमा स्थल पर श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। बीकानेर संभाग से बडी संख्या में आये प्रबुद्धजनों नें पूर्व सांसद को पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया। राज्य सरकार के पूर्व मंत्री वीरेंद्र बेनीवाल नें अपने उद्बोधन में कहा कि स्व. पन्नालाल जी बारूपाल विरले व्यक्तित्व के धनी थे तथा गरीब,किसान व सदियों से वंचित रहे वर्ग के हितार्थ अनेक वर्षों तक कार्य किया। नहर निर्माण एवं किसानों को भुमि आवंटन जैसे महत्वपूर्ण कार्य करने में पन्ना लाल जी का अमूल्य योगदान रहा। उन्होनें तत्कालीन समय में चौधरी भीमसेन जी तथा बारूपाल जी के मार्गदर्शन एवँ आपसी सहयोग से किए गए जनहित कार्यों पर प्रकाश डाला। बीकानेर शहर कांग्रेस अध्यक्ष एवं लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के पूर्व प्रत्यासी मदन गोपाल मेघवाल नें स्व. पन्नालाल बारूपाल को पुष्पाजलि अर्पित करते हुए उनके संघर्ष और किये गये कार्यों से प्रेरणा लेने की आवश्यकता जताई। कार्यक्रम में अरविंद मिड्ढा, हजारी मल देवडा, वरिष्ठ नेता मुकेश राजस्थानी, अम्बाराम इणखिया,भंवरलाल परिहार, एडवोकेट महेंद्र जैन, पूनमचंद गोयल, माँगीलाल गोयल नापासर, चंद्रशेखर चांवरिया, डॉ. रामलाल परिहार,डॉ. सीताराम गोठवाल, राजेन्द्र कुमार बांदडा नें संबोधित किया। एडवोकेट महेंद्र जैन नें तत्कालीन समय में स्व. पन्नालाल जी द्वारा अश्पर्श्यता और जातिगत भेदभाव के उन्मूलन की दिशा में किये गए संघर्ष तथा सर्व समाज से सहयोग प्राप्त करने हेतु की गयी पहल के संस्मरण साझा किये। वक्ताओं नें इस अवसर पर पूर्व राज्यसभा सांसद जमना बारूपाल तथा हाल ही में देहावसान कांग्रेस नेत्री सुषमा बारूपाल को भी श्रद्धापूर्वक याद किया। इस अवसर पर राव पृहलाद सिंह मार्शल, धर्मप्रकाश बारूपाल, साँगीलाल वर्मा,अब्दुल सत्तार, भवानी शंकर भाटिया, नवल राम दवां, गौरीशंकर भाटिया, डॉक्टर रमेश बारूपाल, सोहनलाल कड़ेला , सुरेश बांदडा,



घनश्याम बांदडा, सुन्दरलाल बारूपाल, हरजी राम, कानाराम मेघवाल, लालचन्द घर्ट, मदन लाल पंवार, बंशीलाल गोयल, राजकुमार जनागल, बद्री नारायण कड़ेला, अरूण बारूपाल, एडवोकेट वीर बहादुर मेघवाल, एडवोकेट महेन्द्र बारूपाल, एडवोकेट जोगेन्द्र जोईया, हरदयाल सिंह मेहरा, नानूराम, गोपाल कृष्ण नागपाल, धनसुख, दिनेश कुमार, अशोक प्रेमी, सुधीर चन्द्र मेघवाल, अंजलि बारूपाल, नत्थूराम गन्ढेर, नन्दू लाल, मन्जू जयपाल, कविता बारूपाल, मीना गन्ढेर,सूबे सिंह तंवर,दिलीप पान्डे, जीवण राम, चोरूलाल,मोहनलाल पंवार, राजेन्द्र सिंह मूंधडा, रेणुका बारूपाल, दीपा, यशवर्धन बारूपाल नें स्वर्गीय पन्नालाल जी बारूपाल को भावपूर्ण पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का संचालन अम्बाराम इणखिया नें किया। महेन्द्र बारूपाल नें स्वर्गीय पन्नालाल बारूपाल स्मारक समिति की ओर से आगन्तुकों का आभार व्यक्त किया।

# घर-दुकान बंद कर बाहर जाने से पहले पुलिस को दें सूचना : एसपी निकिता खट्टर, आईपीएस

## चोरी-नकबजनी रोकने को लेकर फतेहाबाद पुलिस की अहम एडवाइजरी जारी

**भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।**

**रजत विजय रंगा ।** प्रदेश में बढ़ती चोरी व नकबजनी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर, आईपीएस ने नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण सुरक्षा एडवाइजरी जारी की है। एसपी निकिता खट्टरने बताया कि अक्सर यह देखने में आता है कि जब परिवार किसी कारणवश घर से बाहर चले जाते हैं और घर या दुकान लंबे समय तक बंद रहते हैं, तो असामाजिक तत्व ऐसे स्थानों को निशाना बनाकर चोरी व सेंधमारी की वारदातों को अंजाम देते हैं। ऐसी घटनाओं की रोकथाम के लिए पुलिस और आमजन के बीच सक्रिय समन्वय अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि नागरिक थोड़ी-सी सतर्कता बरतते हुए समय रहते पुलिस को सूचना दें, तो कई वारदातों को पहले ही रोका जा सकता है। इसी के मद्देनजर सभी नागरिकों से अपील की गई



है कि जब भी वे अपने घर या दुकान को बंद कर बाहर जाने की योजना बनाएं—चाहे कुछ घंटों के लिए, एक दिन के लिए या लंबे समय के लिए—तो इसकी सूचना तुरंत अपने नजदीकी पुलिस थाना अथवा डायल 112 पर अवश्य दें।

सूचना देते समय नागरिक अपने बाहर रहने की अवधि एवं घर/दुकान का पूरा पता अवश्य साझा करें, ताकि पुलिस संबंधित क्षेत्र में विशेष निगरानी रख सके। एसपी ने बताया कि ऐसी पूर्व सूचना मिलने पर पुलिस द्वारा रात्रिकालीन गश्त, बीट पुलिसिंग एवं आकस्मिक निरीक्षण के दौरान बंद घरों व दुकानों पर विशेष ध्यान दिया जाता है, जिससे किसी भी संदिग्ध गतिविधि को समय रहते रोका जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि कई बार लंबे समय तक घर या दुकान बंद रहने की जानकारी असामाजिक तत्वों तक पहुंच जाती है, जिसका वे गलत फायदा उठाते हैं। लेकिन पुलिस को पूर्व सूचना मिलने पर ऐसे तत्वों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाती है और अपराध को होने से पहले ही विफल किया जा सकता है।एसपी निकिता खट्टर ने आमजन को आश्वस्त किया कि पुलिस को दी गई जानकारी पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी और इसका उपयोग केवल सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए किया जाएगा। यह सेवा पूर्णतः निःशुल्क है। इसके साथ ही उन्होंने नागरिकों से अपील की कि बाहर जाते समय अपने पड़ोसियों को सूचित करें, घरों व दुकानों में मजबूत ताले लगाएं, कीमती सामान सुरक्षित स्थान पर रखें, सीसीटीवी कैमरे एवं अन्य सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करें तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। अंत में उन्होंने कहा कि सुरक्षित समाज की नींव जनसहयोग पर ही टिकी होती है। आमजन की सतर्कता ही अपराध पर नियंत्रण का सबसे प्रभावी माध्यम है।

> **'आपकी सतर्कता - हमारी जिम्मेदारी '**
>
> फतेहाबाद पुलिस द्वारा सभी नागरिकों से पुनः अपील की जाती है कि घर या दुकान बंद कर बाहर जाने से पूर्व नजदीकी पुलिस थाना अथवा डायल 112 पर अवश्य सूचना दें और अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करें।

# सीआईए फतेहाबाद पुलिस की कार्रवाई: डोडा पोस्त के साथ एक आरोपी काबू

### 8.110 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद, एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज

**भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।**

**रजत विजय रंगा ।** सीआईए फतेहाबाद पुलिस ने नशीले पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को काबू कर उसके कब्जे से डोडा पोस्त बरामद किया है। सीआईए फतेहाबाद प्रभारी उपनिरीक्षक वेदपाल ने बताया कि पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति डोडा पोस्त लेकर रतिया रोड स्थित बाईपास पुल के पास आने वाला है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके



पर निगरानी शुरू की। इसी दौरान एक युवक हाथ में प्लास्टिक का कट्टा लिए संदिग्ध अवस्था में घूमता हुआ दिखाई दिया, जो पुलिस को देखकर छिपने का प्रयास करने लगा, संदेह के आधार पर उसे काबू किया गया। पूछताछ में आरोपी की पहचान सुरजीत सिंह उर्फ जोनी पुत्र खुशहाल सिंह निवासी टिब्बा कॉलोनी, रतिया के रूप में हुई।नियमानुसार तलाशी के दौरान उसके कब्जे से प्लास्टिक के कट्टे में 8.110 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद हुआ, जिसे मौके पर ही सील कर कब्जे में ले लिया गया।इस संबंध में थाना शहर फतेहाबाद में अभियोग संख्या 142 दिनांक 07.04.2026 के तहत धारा 15बी, 61, 85 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है।आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा, मामले में आगामी जांच जारी है।

# आमजन को बेहतर राजस्व सेवाएं प्रदान करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता : डीसी

### डीसी ने राजस्व विभाग की मासिक बैठक में लंबित मामलों के शीघ्र निपटान के दिए निर्देश

**भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।**

**रजत विजय रंगा ।** राजस्व से जुड़े सभी कार्यों को तय समय सीमा में पूरा करना सुनिश्चित किया जाए ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। विभागीय कार्यों में तेजी लाकर आमजन को बेहतर सेवाएं प्रदान करना प्रशासन की प्राथमिकता है। यह निर्देश बुधवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में डीसी डॉ. विवेक भारती ने राजस्व विभाग की मासिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। डीसी डॉ. विवेक भारती ने बैठक में लंबित जमाबंदी, म्यूटेशन, गिरदावरी रिपोर्ट तथा राजस्व न्यायालयों में लंबित मामलों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निपटान किया जाए तथा प्रत्येक




प्रकरण की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए।

डीसी ने कोर्ट फाइन की रिकवरी, स्टाम्प एक्ट के तहत लंबित मामलों तथा ट्यूबवेल जनगणना जैसे कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही पंचायत भूमि पर अतिक्रमण हटाने तथा सरकारी भूमि से संबंधित मामलों में सख्त कार्रवाई करने को कहा, ताकि सरकारी संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकें। डीसी डॉ. विवेक भारती ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी राजस्व कार्यों की प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से प्रस्तुत करें तथा कार्यों में पारदर्शिता व गुणवत्ता बनाए रखें। इस अवसर पर एसडीएम टोहाना आकाश शर्मा, एसडीएम रतिया सुरेंद्र सिंह, एसडीएम फतेहाबाद राजेश कुमार व डीआरओ श्याम लाल सहित तहसीलदार व नायब तहसीलदार मौजूद रहे।

# फतेहाबाद डीसी ने जिला स्तर पर फसल अवशेष के प्रभावी प्रबंधन हेतु विभागों को समन्वय बढ़ाने के दिए निर्देश

## डीसी ने गेंहू के अवशेष जलाने की घटनाओं पर सख्ती बरतने के दिए निर्देश

**भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।**

**रजत विजय रंगा ।** डीसी डॉ. विवेक भारती ने बुधवार को लघु सचिवालय में गेंहू के अवशेष जलाने की घटनाओं की रोकथाम एवं प्रबंधन को लेकर संबंधित विभागों की समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में कहीं भी गेंहू के अवशेष जलाने की घटनाएं न हों, इसके लिए प्रभावी रणनीति बनाकर सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए। डीसी ने कहा कि कृषि, राजस्व, पुलिस एवं प्रदूषण नियंत्रण विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और गांव स्तर पर निगरानी बढ़ाई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों में गेंहू के अवशेष जलाने की संभावनाएं अधिक हैं, वहां विशेष ध्यान दिया जाए तथा किसानों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाए जाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को गेंहू के अवशेष प्रबंधन के वैकल्पिक उपायों के बारे में जानकारी दी जाए और आवश्यक मशीनरी



उपलब्ध करवाई जाए। साथ ही, गेंहू के अवशेष जलाने के मामलों में नियमों के तहत तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए ताकि ऐसी घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकें। डीसी ने कहा कि जिला प्रशासन का उद्देश्य किसानों को सहयोग देकर पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित करना है। सभी अधिकारी अपने-अपने स्तर पर जिम्मेदारी निभाते हुए इस अभियान को सफल बनाएं, ताकि जिले में स्वच्छ व प्रदूषण मुक्त वातावरण कायम रखा जा सके। गेहूं की फसली अवशेषों में आग लगाने पर लगाया प्रतिबंध जिलाधीश डॉ. विवेक भारती ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा-163 में प्रदत्त शक्तियों के अंतर्गत समस्त जिला फतेहाबाद में तुरंत प्रभाव से गेहूं की फसल की कटाई के बाद बचे हुए अवशेषों को जलाने पर प्रतिबंध लगाया है। उन्होंने बताया कि किसानों द्वारा फसलों के अवशेषों को जलाना भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 163 एवं वायु प्रदुषण नियंत्रण अधिनियम 1981 का उल्लधन हैं। आगजनी से होने वाले प्रदूषण से मनुष्य के स्वास्थ्य, सम्पति, जानमाल की हानि होने का भय रहता है। उपरोक्त आदेशों की अवहेलना में यदि कोई व्यक्ति दोषी पाया जाता है तो वह भारतीय न्याय संहिता-2023 की धारा-223 तथा संपीड़ित वायु एवं प्रदूषण नियंत्रण अधिनियम 1981 एवं अन्य कानूनी प्रावधान जो लागू हो सकते है के तहत दंड का भागीदार होगा।

# दलित सुबेसिंह फुलिया कलां नरवाना पुलिस से न्याय के लिये कई बार लगा चुका गुहार

### डीएसपी नरवाना के चपरासी ने दलित को दी थी जाति सूचक गालियां

### एसपी डीएसपी हाई कोर्ट के आदेश के बाद भी पीड़ीत दलित को नहीं दे रहे हैं पुलिस प्रोटेक्शन

### दलित संगठनो ने दलित सुबेसिंह फुलिया कलां के समर्थन में दी धरना प्रदर्शन की चेतावनी

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नरवाना/टोहाना।**

**विजय रंगा(ब्यूरो चीफ) ।** नरवाना के फुलिया कलां गांव के दलित सुबेसिंह लाम्बा का अपने ही गांव के कुछ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था इसी कड़ी में नरवाना के डीएसपी के यहां अक्सर सुबेसिंह लाम्बा का आना जाना रहता था तथा वहां डीएसपी नरवाना के कार्यालय में कार्यरत चपड़ासी सुबेसिंह लाम्बा को अक्सर जाति को आधार बनाकर कटाक्ष किया करता था जिस पर एक दो बार सुबेसिंह लाम्बा ने उसे समझाया भी परंतु उक्त चपरासी एक विशेष जाति वर्ग का होने से उसे यह अहसास था कि उनकी जाति के ही उच्च अधिकारी हैं जिनका उक्त चपरासी को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष समर्थन प्राप्त है। कुछ दिनों पूर्व जब दलित सुबेसिंह लाम्बा डीएसपी नरवाना के पास शिकायत सम्बंधी अपने बयान इत्यादि देने गया उस समय उसके साथ एक अन्य व्यक्ति भी था तथा कुछ व्यक्ति डीएसपी नरवाना कमलदीप राणा के कार्यालय के बाहर बैठे थे उस दिन सुबेसिंह लाम्बा को देखते ही उक्त चपरासी धर्मेंद्र ने सुबेसिंह को जातिसूचक शब्द बोलकर कटाक्ष किया जिस पर सुबेसिंह ने विरोध किया तो उसने वहीं मौके पर कार्यालय के बाहर जहां काफी लोग मोजूद थे जाति सूचक गालियां दी। उसके बाद सुबेसिंह ने सम्बंधित सभी उच्च अधिकारियों को उक्त चपरासी की शिकायत दी परंतु आज तक लगभग आठ महीने बाद भी उक्त चपरासी धर्मेंद्र पर जाति सूचक गालियां देने सम्बंधित व जान से मरवा देने सम्बन्धी कोई कार्यवाही नहीं होने से स्थानीय दलित समाज व संगठनों में भारी रोष व्याप्त है।भीम आर्मी लीगल विंग के प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट विजय कृष्ण रंगा टोहाना ने हरियाणा के मुख्यमंत्री व डीजीपी हरियाणा से पत्र के माध्यम से शिकायत भेजी है कि इस पूरे प्रकरण की मुख्यमंत्री विजिलेंस से जांच करवाई जावे तथा आरोपी कर्मचारी व एफ आई आर दर्ज करने में कोताही करने वाले उच्च अधिकारियों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें।अगर आगामी एक महीने में सम्बंधित जांच कर आरोपी व अन्य उच्च अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज न हुई तो दलित समाज व संगठनों ने धरना व प्रदर्शन का ऐलान कर दिया है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक स्वामी मुद्रक एवं संपादक हरेश पंवार द्वारा शीतल प्रिंटिंग ऑफसेट, प्लॉट नंबर 245 , बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 से मुद्रित एवं प्रकाशित, मुद्रक मीना, संपादक हरेश पंवार, भीम प्रज्ञा मीडिया हाउस, बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 मो. 9983040937, –mail bheempragya@gmail.com